ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 31 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-315 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



पीएम ने स्कूली बच्चियों के साथ मनाया ... पेज 10 पर

## लातेहार में दो बाइक की टक्कर में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर भुषाढ़ गांव के पास बुधवार की शाम दो मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में एक शिक्षक समेत दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य युवक घायल हो गया है। मृतकों की पहचान शिक्षक जॉनक्रूस गिद्ध पोटमाडीह महुआडाँड़ और आकाश भुंइया चकला (चंदवा) के रूप में हुई है।वहीं दुर्घटना में घायल युवक की पहचान चकला निवासी बिंदु भुंइया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिक्षक जॉन क्रूस गिद्ध बालूमाथ स्थित अपने विद्यालय से ड्यूटी खत्म कर चंदवा लौट रहे थे। वहीं दोनों युवक विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलो के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को चंदवा अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने शिक्षक तथा युवक आकाश को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

## बकोरिया कांड मामले में दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया कांड मामले में सीबीआई की ओर से दायर की गयी क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन बुधवार को स्वीकार कर ली गयी है।

सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव की कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार होने के बाद अब कोर्ट के सामने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज होगा। इससे पहले 27 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई की ओर से दाखिल की गयी कोलजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था। इसके बाद कथित मुठभेड़ में मारे गये मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने 22 अक्टूबर 2018 को बकोरिया कांड की जांच सीबीआई के हाथ में सौंपी थी। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली की सीबीआई ब्रांच ने बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी। इस घटना में पुलिस ने 12 लोगों को मुठभेड़ में मारने का दावा किया था। मृतकों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया था और हाई कोर्ट में सीआईडी जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी।

## मृत व जेल में बंद कैदी ने किया मनरेगा में काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड की गोइंदी पंचायत क्षेत्र में पांच साल पहले मृत व्यक्ति एवं जेल में बंद मनरेगा जॉबकार्डधारी मजदूरी करते पाये गये। दोनों के नाम पर मजदूरी के पैसे की अवैध निकासी भी की गई है। गोइंदी इलाके में मृतक जितेंद्र पासवान के जॉब कार्ड 003/258 में सरतेज पासवान के खेत में डोभा निर्माण वर्क कोड 25081 में डिमांड कर राशि निकासी की गई जबकि जितेन्द्र पासवान की मृत्यु 28 सितम्बर, 2018 को हो गई है। डिमांड की तारीख 16 जनवरी से 29 जनवरी तक है।इसी प्रकार से जेल में बंद प्यारी सिंह पिता रघुनाथ सिंह का जॉब कार्ड 003/216 में डिमांड करके अवैध निकासी की गई है। योजना का नाम पंकज कुमार यादव के 60x60x10 डोभा निर्माण वर्क कोड 2206513 है। 16 मार्च की तारीख में 1422 रुपये की निकासी की गई है जबकि इस तिथि में प्यारी सिंह जेल में बंद था। 10 दिन पहले ही वह जेल से बाहर आया है।इस मामले में स्थानीय लोगों ने उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर मनरेगा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अपील की है। मांग करने वालों में विद्युत कुमार यादव, रोशन यादव एवं अन्य शामिल हैं। बताया गया है कि दोनों मामले में अति महत्वाकांक्षी मनरेगा अधिनियम की खुलेआम अनदेखी की गई है। इसमें पंचायत के मुखिया सरिता देवी एवं तत्कालीन रोजगार सेवक आलोक रंजन सामान्य रूप से जिम्मेवार हैं। ऐसे में इन दोनों के अलावा संबंधित दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि मनरेगा की प्रति लोगों में विश्वास कायम रहे।इस मामले में तरहसी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सचिदानंद महतो ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है। दोनों से स्पष्टीकरण की मांग की है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जारी कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### सांप के डंसने से 6 वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत

**मेदिनीनगर।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान जहरीले सांप के डंसने से एक बच्चे समेत दो की मौत हो गई। जिले के रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह में एक 38 वर्षीया ललीता देवी को सांप ने डंस लिया।महिला बछड़े को देखने गई थी। महिला की गंभीर स्थिति में परिजन इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं, जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के उदयपुरा-वन पंचायत के उदयपुरा-वन गांव निवासी नंदन कुमार रवि का 6 वर्षीय पुत्र ज्योतिबा राव फुले कुमार की जहरीले सांप को काटने से मौत हो गई। बच्चे के परिजन ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात्रि में एक ही बेड पर भाई-बहन एवं मां सोए हुए थे। अचानक बच्चा (फेन) वोमेंटिंग करने लगा। परिजनों को सांप काटने का शक हुआ। आनन-फानन में उसे लेकर एमआरएमसीएच मेदिनीनगर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। नंदन राम का इकलौता पुत्र था। उदयपुरा-वन के मुखिया महेंद्र पासवान ने मृत बच्चे के परिजनों को सांत्वना दिया और इस दुख की घड़ी सदैव उनके साथ रहने एवं सहयोग करने की बात कही।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को दस साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी मोजिम अंसारी को दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आरोप है कि उसने गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। रातू थाना में 15 अगस्त, 2018 को पीड़ित ने मोजिम अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया था कि सात अक्टूबर, 2017 को वह घर में अकेली थी। इस दौरान आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी दी थी। जब वह गर्भवती हुई तो दुष्कर्म की घटना का पता चला।

### जमीन के नाम पर 69.40 लाख रुपये की ठगी

**रांची।** रांची के चुटिया थाने में जमीन के नाम पर 69.40 लाख रुपये की ठगी करने के मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस सबंध में प्रेम कुमार साहू ने थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर में कहा गया है कि चुटिया के मुकुचुंद टोली निवासी अनिल महतो ने साढ़े पांच कट्टा जमीन का एग्रीमेंट किया। इसके एवज में अनिल को प्रेम कुमार साहू ने 69 लाख 40 हजार रुपया लिया। अनिल महतो ने जिस जमीन को बेंचा, वह जमीन उसकी नहीं है। अनिल ने गलत जमीन दिखाकर रुपये लिये, जब पैसे की मांग प्रेम ने की तो अनिल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

# एसीबी ने पूर्व कार्यपालक अभियंता पर की चार्जशीट

**एसीबी में साल 2013 में दर्ज हुई थी प्राथमिकी**

**आय से 57.49 प्रतिशत अधिक पायी गई संपत्ति**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी) ने लघु सिंचाई विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता अवधेश कुमार सिन्हा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में चार्जशीट दायर की है। एसीबी ने बरही अंचल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता के खिलाफ एसीबी थाने में केस संख्या 37/13 दर्ज किया था। एसीबी ने मामले की जांच पूरी करने के बाद पीसी एक्ट 1988 की धारा 13 ई के तहत चार्जशीट दायर किया है।

**आय से 57 फीसदी अधिक पायी गई संपत्ति :** एसीबी ने अवधेश कुमार सिन्हा के सरकारी सेवा में रहने की सेवा अवधि 7 फरवरी 1979 से 30 सितंबर 2011 तक के आय व व्यय की गणना की। एसीबी ने जांच के दौरान पाया कि इस अवधि में सेवानिवृत अभियंता की कुल वैध आय 1 करोड़ 12 लाख 51 हजार 148 रुपये थी। लेकिन इसी में में उनके द्वारा कुल व्यय 1 करोड़ 77 लाख 19 हजार 711 रुपये पाए गए। एसीबी ने चार्जशीट में बताया है कि अभियंता ने अपनी आय से 64 लाख 68 हजार 573 रुपये अधिक खर्च किया।यह उनके आय से 57.49 प्रतिशत अधिक है।

**अनुसंधान के क्रम में अचल संपत्ति क्रम व भवन निर्माण पर खर्चों का खुलासा**

एएसीबी ने जांच के दौरान पाया कि तत्कालीन कार्यपालक अभियंता की आय से अधिक संपत्ति भवन निर्माण व अचल संपत्ति के क्रम में खर्च की गई। रांची में उन्होंने हीनू इलाके में पत्नी जानकी सिन्हा के नाम पर फ्लैट खरीदा, वहीं पैतृक शहर गया में जमीन की खरीदारी की। गया में ही तीन मंजिला मकान का निर्माण कराया गया था। जांच के दौरान अवधेश कुमार सिन्हा के विरूद्ध विभिन्न बैंकों एवं बीमा पॉलिशियों के निवेश के साक्ष्य भी पाए गए हैं।

## हाई कोर्ट में छठी जेपीएससी मामले की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में छठी जेपीएससी में आरक्षित कोटे के सफल कैंडिडेट के मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन सामान्य श्रेणी में किए जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को मामले में बहस के लिए अंतिम अगली तिथि 16 सितंबर निर्धारित की है। जेपीएससी ने कोर्ट को बताया कि मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में रखे गए आरक्षित कोटे के कैंडिडेट को वापस रिजर्व कैटेगरी में लाकर उनका कैडर आवंटन करने का झारखंड में रूल नहीं है। यदि आरक्षित श्रेणी के सामान्य श्रेणी में लाए गए कैंडिडेट को वापस आरक्षित श्रेणी में लाकर उनका आवंटित किया जाता है तो रिजर्व कैटेगरी के 40 सफल अभ्यर्थियों की नौकरी चली जाएगी। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वे रिजर्व कैटेगरी से हैं लेकिन मेरिट के आधार पर वे सामान्य कैटेगरी में माने गए हैं, उनका कैडर आवंटन उनके रिजर्व कैटेगरी में ही होना चाहिए।

जेपीएससी के अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने मामले की पैरवी की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट अपने योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाए थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने को सही ठहराया था।

## बाइक के वाइजर व डिक्की से 1 किलो 880 ग्राम अफीम बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 1 केजी 880 ग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया और सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पिंजनी गांव जाने वाली कच्ची सड़क के समीप से जांच के दौरान बाइक के वाइजर व दूसरी बाइक की डिक्की में रखा अफीम बरामद किया। वहीं तस्कर सियाचन साव पिता शंकर साव थाना क्षेत्र के पोटम निवासी, विनोद साव पिता शंकर साव व पिंटू भारती पिता गोविंद भारती नारायणपुर, थाना प्रतापपुर निवासी को पुलिस टीम ने खदेड़कर गिरफ्तार किया। इस दौरान दोनो के बाइक से 1 केजी 880 ग्राम अवैध अफीम बरामद करते हुए दोनो बाइक को जब्त किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए एडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। अभियान में थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम लागुरी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### रांची में 26 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** गोंदा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर और चोरी के सामान के साथ दुर्गा कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 26 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक सोने का मंगटीका, मंगलसूत्र, अंगूठी, दो टॉप्स, 11 पीस बिछिया, एक जोड़ी पायल, 11 हजार नकद, घड़ी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि धावन नगर गांधी नगर हनुमान मंदिर के पीछे एक घर में अवैध ब्राउन शुगर छुपा कर रखा हुआ है। सूचना के बाद छापेमारी टीम ने एस्बेस्टस एवं झोपड़ीनुमा घर से 26 पीला प्लास्टिक कोटेट छोटा पुड़िया (वजन करीब 6.90 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किया।

## हाई कोर्ट ने सैप की प्रथम व द्वितीय वाहिनी के 721 कर्मियों को हटाए जाने के आदेश पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने विशेष सहायक पुलिस (सैप) प्रथम एवं द्वितीय के 721 कर्मियों को हटाए जाने के राज्य सरकार के 27 अगस्त के आदेश पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई पांच अक्टूबर निर्धारित की है।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज एवं तान्या सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने उनकी सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दी है जबकि इनकी उम्र सीमा सेवानिवृत्ति के निर्धारित 60 वर्ष से भी कम है। कुछ कर्मियों की उम्र 45 वर्ष भी है लेकिन इन्हें हटा दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड (ईसीएल) ने राज्य सरकार से 1900 से अधिक सैप कर्मियों की सेवा मांगी है। सीसीएल ने भी सुरक्षा के लिए सैप कर्मियों की सेवा मांगी है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने सैप बटालियन में संविदा पर बहाल पूर्व सैनिकों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त करने का निर्णय लिया था। सरकार के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी गई थी।

### संकट | लाखों रुपये वेतन देने पर भी नहीं मिल रहे चिकित्सक

# सिर्फ 22 डॉक्टरों के सहारे पाकुड़ जिला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के लगभग हर जिले डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। कुछ जिले ऐसे हैं जहां डॉक्टर ज्यादा पैसे देने के बाद भी जाना नहीं चाहते हैं। ऐसा ही एक जिला है पाकुड़। झारखंड सरकार के मंत्री भी मानते हैं कि इस जिले में कोई भी अच्छा डॉक्टर नहीं आना चाहता है। भले ही उसे ज्यादा पैसे दिए जाएं। यही वजह है कि सिर्फ 22 डॉक्टरों के सहारे पूरा जिला है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था का क्या हाल होगा। पाकुड़ में चिकित्सकों की घोर कमी के कारण आज भी यहां के मरीज पश्चिम बंगाल, बिहार के अलावा हैदराबाद, वैल्लोर, आंध्र प्रदेश, मुंबई सहित कई दूसरे राज्य में जाने को विवश हैं। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर कोल कंपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत चिकित्सकों की बहाली के लिए आमंत्रित किया गया। लेकिन एक भी डॉक्टर पाकुड़ आने को तैयार नहीं है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक पाकुड़ में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए फिजिशियन, एमडी, आर्थोपेडिक सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट एवं एक नेत्र सर्जन के लिए प्रचार प्रसार कराया गया, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी प्रचार प्रसार के साथ यहां पदस्थापित डॉक्टरों ने अन्य डॉक्टरों से संपर्क किया।

**क्या कहते हैं यहां के विधायक और ग्रामीण विकास मंत्री :** डॉक्टरों की कमी पर यहां के विधायक और मंत्री आलमगीर आलम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 'पूरे झारखंड में डॉक्टर की कमी है। हमने जिले में इंटरव्यू कॉल किया था। लेकिन एक भी डॉक्टर इसमें शामिल नहीं हुआ। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि यहां अच्छे डॉक्टर आएं। हमने इसके लिए अच्छी सैलरी भी ऑफर की है। जेनरल फिजिशियन और सर्जन को 2.5 लाख का ऑफर दे रहे हैं। इसके अलावा जो सिर्फ एमबीबीएस हैं उनको एक लाख सैलरी देने की पेशकश की है। इसके बाद भी कोई डॉक्टर नहीं आया है।

**आखिर क्यों नहीं आना चाहते डॉक्टर ?**

यहां पदस्थापित चिकित्सकों के मुताबिक पाकुड़ अतिपिछड़ा जिला होने के कारण यहां संसाधनों की बेहद कमी है। टूर के लिए कोई स्थान न होना, ट्रेनों की कमी के अलावा ड्यूटी के बाद निजी प्रैक्टिस से कोई ज्यादा लाभ नहीं होना भी एक समस्या है। यही वजह है कि यहां कोई भी अच्छा डॉक्टर नहीं आना चाहता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबित पाकुड़ जिले में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। खासकर महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। यहां तक कि महिलाओं को मेडिकल जांच के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज ले जाना पड़ता है। दी गयी जानकारी के अनुसार जिले में कुल 102 चिकित्सकों की जगह है। हालांकि सिर्फ 22 डॉक्टर ही यहां तैनात हैं, जिसमे सदर अस्पताल, 6 प्रखंडो में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र शामिल है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक पाकुड़ में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए फिजिशियन, एमडी, आर्थोपेडिक सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट एवं एक नेत्र सर्जन के लिए प्रचार प्रसार कराया गया, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी प्रचार प्रसार के साथ यहां पदस्थापित डॉक्टरों ने अन्य डॉक्टरों से संपर्क किया। लेकिन इसके बाद भी एक भी डॉक्टर ने यहां के लिए आवेद नहीं दिया।

## निरंजन तांती हत्याकांड में महिला सहित तीन उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर स्थित गुलगुलिया पट्टी में 19 जनवरी 2023 को धनंजय यादव गुट और रामबाबू धिक्कार गुट में खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें निरंजन तांती की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, एक अगस्त 2023 को धनंजय यादव के घर में घुसकर की गई हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि झरिया थाना में दर्ज कांड संख्या 23/23 के मामले में निरंजन तांती हत्या केस में नामजद आरोपित कैलाश धिक्कार (40), करण धिक्कार (19) और मुख्य आरोपी रामबाबू धिक्कार की बहन दुखहरनी देवी (35) को इनके पैतृक निवास उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। कैलाश धिक्कार कांड संख्या 181/23 के धनंजय यादव हत्याकांड में भी नामजद आरोपित है। सिंदरी के एसडीपीओ ने बताया कि झरिया पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया है। तीनों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि धनंजय यादव कांड में विक्की वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों कांड के नामजद आरोपित रामबाबू धिक्कार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार गुट के साथ सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव के बीच कोयले के अवैध कारोबार को लेकर दुश्मनी हुई। दोनों पहले दोस्त थे, लेकिन कोयले के कारोबार की वजह से इनकी दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। दोनों गुटों में कोयले के कारोबार को लेकर वर्चस्व की जंग काफी दिनों से थी।

### प्रसूता की मौत के बाद पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों का हंगामा

# परिजनों का आरोप : एएनएम व स्वास्थ्य सहिया की लापरवाही है मौत का कारण



## आक्रोशित ग्रामीण पूरे घटनाक्रम की जांच करने एवं इसमें संलिप्त दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की

**संजीव कुमार प्रजापति**

**सगालीम/ पांकी।** पलामू जिले के पांकी में निजी क्लिनिकों के द्वारा जान लेने की सिलसिला काफी दिनों से जारी है। लोगो को कहना है कि कार्रवाई करने के बजाय लीपा पोती करने में प्रशासनिक अधिकारियों काफी मशहूर दिखते हैं। यही कारण है कि फिर से एक महिला को प्रसव के समय मौत के काल में समा जाना पड़ा। बताते चलें कि पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम एवं स्वास्थ्य सहिया के द्वारा पांकी के बेरू गांव निवासी एक प्रसव पीड़िता को एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव करवाने एवं कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पीड़िता की मौत हो जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद मृतिका के परिजनों सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण पूरे घटनाक्रम की जांच करने एवं इसमें संलिप्त दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, बीस सुत्री अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. रेयाज अनवर को लिखित आवेदन सौंप कर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं। मृतक के पति बेरू गांव निवासी मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि वे 29 अगस्त दिन मंगलवार की सुबह 6:00 बजे अपनी पत्नी तरन्नुम बीवी को प्रसव पीड़ा होने के बाद पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। अस्पताल कर्मी के द्वारा प्रसव पीड़िता की जांच करने के बाद उन्हें बताया गया कि अभी तीन - चार घंटे के बाद प्रसव होगा। उन्हें अभी बाहर टहलने के लिए भेज दीजिए। इस बीच अचानक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम सुनीता कुमारी एवं स्वास्थ्य सहिया सरोज देवी ने उनसे संपर्क करते हुए उन्हें बताया कि मरीज की मौत हो जाएगी। न्यू लाइफ केयर नर्सिंग होम में सारा व्यवस्था है एवं नॉर्मल डिलीवरी के लिए केवल उन्हें 5 हजार रुपए एवं दवा का खर्च अलग से देना होगा। उनके द्वारा मना करने के बावजूद जबरदस्ती उन्हें वहां से न्यू लाइफ केयर ले जाया गया। हालांकि इस दौरान प्रसव पीड़िता ने मेदिनीनगर ले जाने की गुहार भी लगाई, लेकिन जबरन उसका नर्सिंग होम में ही प्रसव कराया गया। इसके बाद महिला की हालत खराब होने लगी। इंजेक्शन लगाने के बाद स्थिति और ज्यादा बिगड़ने के बाद शाम 6:00 बजे डाल्टनगंज के लिए उसे आनन फानन में रेफर किया गया। ममता वाहन से ही ले जाने के क्रम में पांकी से 3 किलोमीटर की दूरी स्थित सोनरे नदी के पास पीड़िता की मौत हो गई। फिर भी ममता वाहन के चालक पंकज कुमार जो एएनएम के पति हैं, उनके द्वारा जबरदस्ती उन्हें डाल्टनगंज पहुंचाया गया एवं ममता वाहन से मरीज को उतार कर वह भाग खड़ा हुआ। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला के मृत्यु होने की पुष्टि की। जिसके बाद देर रात महिला का शव परिजन ऑटो पर लाद कर बेरू गांव पहुंचे। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने बुधवार सुबह निजी नर्सिंग होम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। साथ ही इस घटना में शामिल एएनएम एवं स्वास्थ्य सहिया पर कड़ी कार्रवाई करने एवं उचित मुआवजा दिलाने की मांग की हैं।

### न्यू लाइफ नर्सिंग होम को किया सील, स्वास्थ्य सहिया कार्यमुक्त




प्रसूता की मौत के बाद चिकित्सा प्रभारी डॉ रेयाज अनवर ने बड़ी कार्रवाई की हैं। विभागीय आदेशानुसार चिकित्सा प्रभारी डॉ रेयाज अनवर, मजिस्ट्रेट महावीर प्रसाद, थाना प्रभारी कूदन पासवान आदि पुलिस बल की मौजूदगी में न्यू लाइफ नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ रेयाज अनवर ने बताया कि प्रसूता की मौत के बाद न्यू लाइफ नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य सहिया को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया गया है। जबकि दोषी एएनएम सुनीता कुमारी पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई।उन्होंने बताया कि पूरे मामले में प्राथमिकी दर्ज भी करायी गयी है।

# सतबरवा पुलिस ने तीन सड़क लुटेरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की सतबरवा थाना पुलिस ने चोन्हवा घाटी दुनियाखांड के समीप से बाइक लूट कांड में शामिल 3 अपराधियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बुधवार की शाम बताया कि बीते 17 अगस्त को दुबियाखाड़ के समीप चोन्हया घाटी से बरवाडीह निवासी अरुण ओझा से लूटी गई बाइक तथा मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। इस घटना में शामिल 3 अपराधी राजन कुमार पासवान पिता मुखलाल पासवान, अरमान अंसारी तथा कंचन कुमार जो तीनों पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की गांव के रहने वाले हैं, उन्हें गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी अमित ने बताया कि इस कांड के पूर्व में भी उक्त तीनों अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था, मगर लूटी गई बाइक रिश्तेदार की निकल जाने के कारण मामला सामने नहीं आ सका था। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान अपराधी मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे, ताकि पुलिस को उद्भेदन करने में परेशानियों का सामना करना पड़े। तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी सिक्की गांव से हुई है, इस दौरान पुलिस अधीक्षक तथा एसडीपीओ का मार्गदर्शन के बाद अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। उन्होंने बताया कि पांच में तीन पकड़े जा चुके हैं दो अपराधी जल्द पुलिस के गिरफ्त में होंगे। गिरफ्तारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एस आई राहुल कुमार गुप्ता तथा शिवकुमार, आरक्षी विकास कुमार के अलावा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बसपा ने बबलू सिंह को 6 साल के लिए किया निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में आयोजित संगठन स्तरीय सेक्टर बैठक माझिआवं के विवाह मंडप हॉल में की गया। इस बैठक के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय राज्य झारखंड प्रभारी गया चरण दिनकर साहब, रामबाबू चिरगइयां साहब विशिष्ट अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह बहुजन समाज पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजन मेहता, गीता मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, एवं तमाम जिले कमेटी पदाधिकारी, बिधानसभा, प्रखण्ड, सेक्टर के पदाधिकारी उपस्थित थे। संबोधन के दौरान केंद्रीय प्रभारी ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के नाम पर गलत तरीके से अपने सदस्य होने का दावा कर रहे अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। अपने कार्यकर्ता को समाज में गुमराह कर रहे लोगों से सावधान रहने का सलाह दिये और बोले कि बहुजन समाज पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसके सत्ता में आने के बाद सभी को मान सम्मान और हक अधिकार मिलेगा और हम लोगों को बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनने के बाद ही देश के जनता का कल्याण होगा। हम लोगों को लोकसभा और विधानसभा चुनाव को मजबूती से संगठन बनाकर झारखंड में सरकार बनानी है।

## लाभुकों के बीच धोती साड़ी का किया वितरण

**विश्रामपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी व संचालन मुकेश कुमार ने किया। लाभुकों के बीच धोती -साड़ी व लुंगी का वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जरूरत है। जिसमें विभागीय अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है।

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच घायल, तीन रेफर, मामला डंडीला पंचायत का

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंडीला गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के सुदर्शन राम, महेंद्र बैठा, बिंदु देवी, दिव्यांशु रंजन, राजनीश कुमार, व दूसरे पक्ष के बेबी देवी, प्रतिमा देवी आदि का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया गया।जहां ऑन ड्यिूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महेंद्र बैठा , सुदर्शन राम, बिंदु देवी तीन की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में सुदर्शन राम के पुत्र शशिकांत रंजन ने हुसैनाबाद थाना में डंडीला गांव निवासी सनोज बैठा, संजय बैठा, राकेश कुमार, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश कुमार, चिंता देवी, अंगद कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मेरे पिता सुदर्शन राम चाचा महेंद्र राम और परिवार के अन्य सदस्य गांव से जपला आ रहे थे। इसी क्रम में अमही गांव के समीप जैसे पहुंचे पहले से घात लगाएं बैठे उक्त सभी लोगों ने लाठी- डंडे और तेजधार हथियार से प्रहार कर जख्मी कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से बेबी देवी ने सुदर्शन बैठा, महेंद्र बैठा समेत आठ लोगों के खिलाफ मारपीट कर तीस हजार रुपए लूटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि दोनों ओर से लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

## जवाहर नवोदय वि०प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर जीप सदस्य ने किया सम्मानित

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम देवरी खुर्द के सोनू कुमार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण किया हैं। उसके उतीर्ण होने पर विद्यालय व गांव के लोगों मे खुशी हैं। उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता ने उक्त बच्चे को हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से पठन पाठन समाग्री देकर सम्मानित किया एवं उसके उज्वल भविष्य की कामना किया। मौके पर जीप सदस्य ने कहा कि सोनू बचपन से अपने क्लास में मेधावी रहा हैं। उसे सम्मानित इसलिए किया कि आगे अन्य बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा बाहर आये और हमारे क्षेत्र के बच्चों में कम्पटीशन की भावना जगे और वह हर प्रतियोगिता में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें। जिससे क्षेत्र का नाम हो आपको बतादे जवाहर नवोदय विद्यालय जपला में प्रवेश हेतु कुल 11 प्रखंड के बच्चे शामिल होते है। जिसमें मात्र 40 बच्चों का चयन किया जाता हैं, उसी के आधार पर उसका आगे का बेहतर भविष्य निर्माण होता हैं। सोनू कुमार के पिता बृजमोहन मेहता व माता उषा देवी का पुत्र हैं। उनके सफलता पर माता पिता एवं पूरे परिवार के लोगो ने खुशी जाहिर किया हैं। मौके पर समाज सेवी सुरेश मेहता सहित कई लोग शामिल थे

### स्वास्थ्य केंद्र नही खुलने से मरीज परेशान

# सभी कर्मी मीटिंग में थे जिस कारण बंद था केंद्र : चिकित्सा प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के रेहला दबगर मुहल्ला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र खुला नहीं रहने से यहां के लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए भटकना पड़ता है। दबगर मुहल्ला निवासी मुंद्रिका साव व विशाल कुमार उप स्वास्थ्य केन्द्र इलाज कराने पहुंचे। जहां स्वास्थ्य केंद्र को बंद पाया। दोनों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से उप स्वास्थ्य केन्द्र का दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन कोई नहीं आ रहा। मुख्य दरवाजे पर ताला लटका रहता है। प्रत्येक दिन दर्जनों लोग पहुंच कर केंद्र खुलने का इंतजार करते हैं व मायुस होकर लौट जा रहे हैं। रेहला निवासी मजदूर विशाल कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे सर्दी-खांसी से परेशान हैं। सरकारी उपस्वास्थ्य केंद्र होने के कारण चिकित्सक से दिखाकर दवा लेना चाहते हैं।

### क्या कहते है चिकत्सा प्रभारी

विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉ लिली स्टेला पूर्ति ने विभाग कर्मियों का बचाव करते हुए कहा कि रेहला उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मी जिला व सीएचसी में मीटिंग अटेंट कर रहे थे। इसी कारण उप स्वास्थ्य केंद्र बंद था। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा की उप स्वस्थ केंद्र में पदस्थापित डाक्टर दिनेश कुमार सिंह एएनएम रुपा कुमारी व एएनएम सविता कुमारी के साथ सीएचसी के मंथली मीटिंग में उपस्थित थे। जबकि सीएचओ अरुणा करकेटा मेदनीनगर टीवी उन्मूलन अभियान ट्रेनिग में गई हुई थी।

## पोषण ट्रैकर व मातृत्व वंदना योजना का पहुंचाये लाभ: किरण

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित 248 आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविकाओं की मासिक बैठक हुई। जिसमें महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी,नीलम कुमारी व पोषण ट्रैकर के परियोजना सहायक राकेश कुमार की उपस्थिति में आयोजित बैठक में बताया गया कि पोषण ट्रैकर में लाभार्थी की प्रविष्टि,आधार का सत्यापन,वजन,ऊंचाई की शत प्रतिशत प्रविष्टि करें और गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के लिये फॉर्म भरकर जमा करने का निर्देश दिया गया।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

निविदा रद्द करने की सूचना

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अति अल्प कालीन ई0 निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SVS-18/2022-23(3rd Call) Dt-06.06.23 PR No 299332 Drinking Water and Sanitation(23-24)_D Tender ID- 2023_DWSD_72157_1 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार।

PR 305893 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 719 / गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304517 Minor Irrigation(23-24(D) निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 08-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 305857 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

पत्रांक – 717 / गढ़वा, शुद्धि पत्र दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304514 Minor Irrigation(23-24):D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 06-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 305855 Minor Irrigation(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 716 / गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304507 Minor Irrigation(23-24)D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 05-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 305854 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना

(लापता हृदयानन्द विश्वकर्मा उम्र–35 वर्ष)



रंका थाना काण्ड संख्या–221 / 2020, दिनांक 05.11.2020, धारा–363 / 34 भा0द0वि0 में लापता हृदयानन्द विश्वकर्मा उम्र–35 वर्ष, पिता स्व0–रामचन्द्र विश्वकर्मा, सा0–रबदा, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। जो चेन्नई(तामिलनाडु) से लापता हैं। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता हृदयानन्द विश्वकर्मा उम्र–35 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

हुलियाः–
रंग– सांवला।
लम्बाई–05 फीट 06 इंच।
शारीरिक बनावट–पैर से विकलांग।
भाषा– हिन्दी, मगही।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 305918 Police(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 718 / गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304516 Minor Irrigation(23-24)_D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 07-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 305856 Minor Irrigation (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 714 / गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304491 Minor Irrigation(23-24)#D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 03-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 305852 Minor Irrigation(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 715 / गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304505 Minor Irrigation(23-24).D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 04-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 305853 Minor Irrigation (23-24)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### रिश्तों की अटूट डोर है रक्षाबंधन का पर्व

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के संचालक अविनाश देने कहा कि हालिया दौर में समाज के अंदर एक नजर डालते हैं तो पता चलता है रिश्ते तार तार हो रहे हैं,रिश्ते टूट रहे हैं। इस रिश्तों को भावनात्मक दीर्घकालिक व मजबूत बनाये रखने के लिए आदमी को हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। कर्णावती ने हुमायू को रक्षासूत्र बांध कर रक्षाबंधन की शुरूआत इसीलिए की थी कि आक्रमणकारियों से हमारे मुल्क की रक्षा होगी। आज हर आदमी निजी जीवन में व्यस्त है। ऐसे में रक्षा बंधन के महत्व को समझने की जरूरत है।

### लाभूकों को मिली धोती साड़ी व लूंगी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के बसरिया पंचायत में आज सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे एवं पंचायत के मुखिया नीतीश सिंह के द्वारा लाभूकों के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया । मौके पर महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। उसके बाद अध्यक्ष श्री दुबे ने अधूरे पड़े रोकड़ पंजी को पूरा करने का निर्देश दिया और रोकड़ पंजी विद्यालय में रखने को कहा। मौके पर बसरिया पंचायत के वार्ड सदस्य भीष्म नारायण सिंह सोनू पासवान उपस्थित थे।

# भाजपा नेता की दिवंगत पत्नी पंचतत्व में विलीन

## वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर पति श्यामनारायण दूबे ने दी मुखाग्नि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य व पलामू प्रमंडल के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे की दिवंगत धर्मपत्नी प्रर्मिला देवी का अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर वैदिक विधान के साथ किया गया। उन्हें उनके पति श्यामनारायण दुबे ने मुखाग्नि दी। इस दौरान माहौल काफी गमगीन था। मौके पर श्री दुबे के पुत्रों रिंकू दुबे, व पिंकू दुबे के साथ साथ बिजय शंकर तिवारी ऊर्फ ददन तिवारी, सुशील दूबे, दीपक, पप्पू सिंह, ब्रजेश उपाध्याय, रामसरीख चंद्रा, समेत कई रिश्तेदार और पार्टी के सहयोगी नेता



मौजूद थे। गौरतलब हो कि झारखंड प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे की पत्नी प्रमिला देवी (73 बर्ष ) का स्वर्गवास सोमवार की रात्रि को करीब 1:30 बजे हो गया था । डॉक्टरो के अनुसार शुगर लो होने के कारण उनकी मृत्यु हुई। वह डायबिटीज की मरीज थीं। स्व० प्रमिला देवी अपने पीछे पति, दो पुत्र- पुत्रबहू, पोता पोती, चार पुत्रियां-दामाद, नाती नातिन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। इस दुखद समाचार के फैलते ही श्री दुबे के दुर्गा पाठक रोड स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न राजनीतिक दल एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों का ताँता लग गया था। शोक व्यक्त करने वालों में डा० अरुण शुक्ला, प्रोफेसर कमलाकांत मिश्रा, दीनानाथ तिवारी, विजयानंद पाठक, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, प्रदीप सिंन्हा, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, सोमेश सिंह, ब्रजमोहन राम, सुरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रमेश आचार्य, अश्वनी मिश्रा, बबन तिवारी, कवि शर्मा, ब्रजेश शुक्ला, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अरुण दुबे, भोला सिंह, सुदीप सिंह, जय दुबे, अजय तिवारी, सुधीर प्रसाद, मनोज भुइयां, पंकज जयसवाल, सुनील पांडे, जितेंद्र तिवारी, श्वेताम गर्ग, छोटू सिंन्हा, किशन मखड़िया, शुभम तिवारी, छोटू सिंह, पंकज शर्मा, संदीप दास राससेस प्रचारक व्यापक जी, राजीव सिंह, विद्यार्थी परिषद के रत्नेश जी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# स्व. ज्योति प्रकाश की 103वीं जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के साहित्यकार स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की 103 वीं जयंती ज्योति प्रकाश महिला बी.एड कॉलेज में मनाई गई। मौके पर ज्योति प्रकाश द्वारा लिखी एवं नर्ये रूप से पुनः छापी गई। किताब 'सीधा रास्ता' का लोकार्पण किया गया। मौके पर पत्रकार देवव्रत ने बताया कि ज्योति बाबू इस जिले के धरोहर थे। आज उनके बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञानचंद पांडे ,सुरेश जैन, राजेश्वर पांडे, नवल तुलसियान, प्रभात अग्रवाल, डॉ. आर. पी सिन्हा, सरस जैन, कृष्ण अग्रवाल, अविनाश वर्मा, जय



शर्मा, शीला सिंह इत्यादि मौजूद थे। जयंती का संचालन साक्षी गुप्ता, प्रियंका पांडे ने किया। इस जयंती में शहर से कई अतिथि राजदेव उपाध्याय, अरविंद अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह होरा, पुनीत सिंह,अरविंद गुप्ता, नरेंद्र पांडे, राजहंस अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, रितेश कुमा कटर, सुबोध गुप्ता, संजय भगत, संजय सिंह, नीरज कुमार व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डेडीकेटेड प्रीमियम स्कूल में कई खेलों का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डेडीकेटेड सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड साइंस की संरक्षिका डॉ श्वेता कुमारी मौजूद रहीं। मौके पर छात्रों को खेलकूद से जुड़े कई पहलुओं के बारे में बताया गया। शिक्षा के साथ खेल कितना आवश्यक है। इस बारे में विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया।इस दौरान डॉ श्वेता कुमारी ने कहा की इंसान के लिए खेल बेहद आवश्यक है। खेल से मानसिक और शारीरिक तनाव दूर होता है। खेल के क्षेत्र में भी आप आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान बच्चों ने रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं लड़कियों ने खो-खो खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं हाउस वाइज के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया। क्रिकेट मैच में शाश्वत तिवारी की टीम उनके बेहतर प्रदर्शन के दम पर विजयी रही। इस दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया।

## आज सुबह से भाई की कलाई पर राखी बांधेगी बहने

# रक्षाबंधन के त्यौहार को ले हर तरफ उत्साह व उमंग का माहौल

## राखी व मिठाई की दुकानों से पटा बाजार





### गुलजार रहे शहर के चौपाटी और गांव के चौपाल

### महंगाई पर भारी पड़ा बहनों भाई का अटूट प्रेम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर जिले में हर तरफ उत्साह व उमंग का माहौल है। भाई की कलाई पर राखी बाँधने को उत्सुक बहने श्रद्धा व उत्साह से लबरेज राखी व मिठाईया खरीदने में बुधवार को देर शाम तक जुटी रहीं। आज भद्रा की बाधा के कारण रक्षा बंधन का त्यौहार कल यानि गुरुवार की सुबह मनाया जायेगा। गौरतलब हो कि रक्षाबंधन के इस त्यौहार को लेकर बाजार में राखी और मिठाई की हजारों दुकाने लगी हैं। शहर के बाजार ही नहीं चौपाटी से लेकर गांव के चौपाल तक दुकानों से पटी हुई हैं। जहाँ खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ टूट पड़ी है। बाजार की दुकानों में सजी चमक दमक से भरपूर राखी व अलग अलग वेराइटी की मिठाइयो पर महंगाई की मार तो है, लेकिन इस महंगाई पर बहनों की भाई के प्रति श्रद्धा व त्यौहार का उत्साह भारी पड़ रहा है। दुकानदार राजेंद्र मालाकार की माने तो बाजार में 5से लेकर 500 रुपए तक की खूबसूरत राखियां उपलब्ध है जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। आपको बता दें कि इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 30 अगस्त के दिन भद्रा रहा। जिसकी वजह से राखी का त्यौहार 31 अगस्त को पूरे भारत देश में मनाया जा रहा है। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त- 30 अगस्त को रात 9 बजकर 1 मिनट से 31 अगस्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक है। रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में प्यार और दुलार भरने वाला दिन है। रक्षाबंधन हर साल श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। सूर्य मंदिर के पंडित छोटन पांडे ने बताया की आज 31 अगस्त दिन गुरुवार की सुबह 7 बजकर 05 मिनट तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। इसके बाद से भाद्रपद मास प्रारंभ हो जाएगा। उदया पूर्णिमा तिथि होने के कारण सुबह 07 बजकर 05 मिनट से पहले राखी की पूजा कर पूरे दिन में किसी समय बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकती हैं। ध्यान रहे की राखी की थाल की पूजा शुभ मुहूर्त में ही करें।

### जीवन में अनुशासन जरूरी: अजहर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर रा0उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बी.एम.सी.नेउरा के सत्र 2023-24 में कुछेक पदाधिकारी व सदस्यों के शिथिल हो जाने के कारण विद्यालय में बाल संसद का विस्तार किया गया। प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने बाल संसद के अधिकार, कर्तव्य व महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूरी है। छात्र जीवन में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चुनाव प्रक्रिया बताई। बच्चों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया व जीत हासिल की। विजेता छात्र-छात्राओं में संचालन समिति अध्यक्ष- शमा परवीन, प्रधानमंत्री- सफीना खातून, उप प्रधानमंत्री- साबिर अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री- रहबर अंसारी, उप स्वास्थ्य मंत्री- जैनब खातून, स्वच्छता मंत्री- तमन्ना खातून, उप स्वच्छता मंत्री- नरगिस परवीन, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री- नौशाद अंसारी, उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री- शबनम खातून, पोषण मंत्री- खतीजा खातून, उप पोषण मंत्री- साकिब हुसैन, उपस्थित मंत्री- निखत खातून, उप उपस्थित मंत्री- नुजहत खातून, शिक्षा मंत्री- खुशबू खातून, उप शिक्षा मंत्री- नाजमीन खातून, सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

# थाना परिसर में विधिवत पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में सावन की अंतिम सोमवारी पर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय और थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी के द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यूं तो पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था को बहाल रखना है। परंतु, जिले में पुलिस की भूमिका यही तक सीमित नहीं है। भक्ति जागरण कार्यक्रम में बनारस से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस भक्ति जागरण को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# पीटीआर रिजर्व के गारु पंचमी रेंज में सखुआ-सागवान की लकड़ी जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गारु पश्चिमी रेंज के अधिकारी तरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में करीब आधे दर्जन से ऊपर फॉरेस्ट गार्ड की मदद से यह कार्रवाई की गई। सुरकुनी गांव में की गई इस छापेमारी में जो 15 पीस जंगल की लड़कियों से बनी पटरी थी,उसका बाजार मूल्य करीब एक लाख आंका जा रहा है। इस छापेमारी और जब्ती के दौरान चार लोग को गिरफ्तार किया गया है इन चारो की पहचान किशुन बृजिया , बालेश्वर लोहार, रमेश कुमार गुप्ता और गौतम कुमार के रूप में की गई है । वन विभाग के छापेमारी टीम में चार देसी बंदूक (भरठुआ) भी जप्त किया गया है इसके अतिरिक्त वन विभाग के छापामार दस्ते ने दो कुल्हाड़ी और 6 नया पुराना आरा भी जप्त किया है। दक्षिणी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष ने प्रेस को बताया कि यह सभी लकड़िया, हथियार, 4 गिरफ्तारियां और चार देसी बंदूक , कुल्हाड़ी और आरा के साथ जब्ती सुरकुनी गांव में की गई है । उपनिदेशक ने बताया की इन चारों को वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आज बुधवार को लातेहार न्यायालय हिरासत में भेज दिया गया है। इन चार गिरफ्तार लोग में से एक रमेश कुमार गुप्ता के बारे में कहा जा रहा है कि वह एक पारा शिक्षक भी है। कुमार आशीष ने आगे बताया कि किशुन बृजिया और बालेश्वर लोहार इसी पारा शिक्षक और गौतम कुमार के कहने सुनने पर पलामू टाइगर रिजर्व (ढळफ )के जंगलों में सखुआ और सागवान के पेड़ काटा करते थे।

## अवैध खनन भंडारण के खिलाफ डीएमओ पहुंचे पांकी

# संचालन करने वाले जायेगें जेल : डीएमओ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** पलामू में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार बुधवार को पांकी पहुंचे एवं अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार के साथ थाना क्षेत्र में संचालित क्रशरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना क्षेत्र के बनखेता में पूर्व में सील किए गए क्रशर को संचालित होते पाया। जिसके बाद अविलंब कार्रवाई करते हुए क्रशर को जेसीबी से ध्वस्त कर क्रशर में रखे गए दस हजार सीएफटी बोल्डर पत्थर को जप्त कर लिया एवं इस दौरान क्रशर में बोल्डर ले जा रहे ट्रैक्टर को भी पकड़ा एवं ट्रैक्टर समेत 80 सीएफटी बोल्डर को जप्त करते हुए क्रशर संचालक, ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज करवायी। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर संचालित हो रहा है। जिस पर संज्ञान लेते हुए खनन टास्क फोर्स की टीम के अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार एवं थाना प्रभारी मनोज टोप्पो के साथ क्रशरों की जांच की गयी। अवैध रूप से क्रशर का संचालन करने पर क्रशर संचालक अनुज सिंह पर पूर्व में भी 8 नवंबर 2022 एवं 16 दिसंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। पूर्व में जिला खनन पदाधिकारी के निरीक्षण के क्रम में अनुज सिंह का क्रशर अवैध रूप से संचालित होते पाया गया था। जिसके बाद क्रशर को सील कर दिया गया था ,परंतु इसके बावजूद भी क्रशर संचालक द्वारा क्रशर की सील तोड़कर इसे संचालित किया जा रहा था। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध क्रशर संचालन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे संचालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खनन ट्रांसपोर्ट की टीम लगातार अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण को लेकर निरीक्षण कर रही है एवं इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जायेगा।



### स्कूल नहीं आने पर प्रिंसिपल ने की छात्रों की पिटाई



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर ब्लॉक के लहलहे पंचायत के बारी मोड पर भोगू गांव में संचालित एक निजी विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा करीब 50 छात्रों को कतार में खड़ा करके बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार शाम 7.15 बजे के करीब छात्र अपने परिजनों के साथ सतबरवा थाना पहुंचे थे। वहां पर छात्रों ने थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी से प्रिंसिपल चंदन कुमार शर्मा की शिकायत की। इधर छात्रों पर किये गये अत्याचार की जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस ने आरोपी शिक्षक चंदन कुमार शर्मा को पूछताछ के लिए थाना ले आई है। पिटाई से घायल हुए यूकेजी से लेकर क्लास 5 तक के छात्र- छात्राएं शामिल हैं, जिनमें अभिषेक कुमार, अरुण सिंह, सुधांशु कुमार, अभिषेक कुमार टू एलकेजी के छात्र सुधांशु, चंदन कुमार यादव, सूरज कुमार गुप्ता समेत कई छात्रों ने प्रिंसिपल के छड़ी से पिटाई के बाद अपने पीठ और हाथ में पड़े निशान पुलिस को दिखाया है।बताया गया कि करीब 50 की संख्या में खामडीह गांव के छात्रों को प्रिंसिपल साहब ने कतार में खड़ा करके इसलिए छड़ी से पिटाई की कि सभी छात्र सोमवार को स्कूल नहीं पहुंचे थे। छात्रों ने उन्हें बताया कि गांव में अंतिम सोमवारी के दिन कलश यात्रा निकली थी इसी दौरान सभी छात्र यात्रा में शामिल होने के करण स्कूल नहीं पहुंच सके थे।छात्रों ने यह भी बताया कि प्रिंसिपल साहब यह कहकर और पीटने लगे की हम किसी भगवान को नहीं मानते हैं। साथ ही छात्रों को यह भी हिदायत दी थी कि अगर अभिभावकों को बताएंगे तब और पिटाई की जाएगी। शाम को डरे सहमे छात्रों ने अपने परिजनों को बताया। इसके बाद आक्रोशित परिजन प्रिंसिपल की शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे।

### दो महीने से नहीं मिला राशन ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड अंतर्गत सरजा पंचायत के ग्रामीणों ने राशन नहीं मिलने के मसले को लेकर सरजा पंचायत के मुखिया शोभा देवी, मुखिया पति समाजसेवी आनंद कुमार, जिला परिषद वासो देवी, जिला परिषद के पति समाजसेवी अर्जुन सिंह,वार्ड पार्षद चंद्र केशवर चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन स्थल पर चंद्र केशवर, चिंटू पटेल,चौधरी,सुरेश चौधरी,अरविंद गुप्ता,गणेश मांझी,अंतू चौधरी,बसंत राम,फैसल अंसारी,लीलावती देवी,कालो देवी,शिमला देवी अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। बताते चले कि सरजा पंचायत में सभी राशनकार्ड धारियों को डीलर के द्वारा दो माह का राशन वितरण नहीं किया गया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर कई बार अधिकारियों से की लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि फरवरी 2022 में भी डीलर के द्वारा दो माह का राशन ग्रामीणों को नहीं दिया गया है।वही वर्ष 2023 जुलाई और अगस्त माह का भी राशन नही मिलने पर ग्रामीण धरना पर बैठे है।ग्रामीणों ने बताया की जविप्र दुकानों में राशन वितरण के लिए डीलर के द्वारा लापरवाही बरती जाती है। इसकी वजह से ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पाता है।इसके लिए ग्रामीणों के द्वारा संबंधित अधिकारियों से भी कई बार शिकायत की गई है। लेकिन अधिकारी टाल मटोल करते रहे है। ग्रामीणों द्वारा मांग की गई कि हमेशा राशन वितरण में लापरवाही की जा रही है। इस पर कार्रवाई करते हुए राशन वितरण जल्द कराया जाय। राशन नहीं मिलने को लेकर ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त,डीएसओ पलामू,सदर एसडीओ, सांसद पलामू व विधायक को इस बावत मांगपत्र सौंपा है। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## तैयारी — अगले 10 वर्षों के लिए

# कार्य योजना तैयार करने में जुटा पीटीआर

**पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ कुलवंत सिंह ने हाल में ही इस इलाके का दो दिन का किया दौरा**

**पलामू टाइगर रिजर्व करीब 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है**

**जिसके आसपास के इलाकों में 300 से अधिक गांव मौजूद हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पीटीआर यानी पलामू टाइगर रिजर्व में एक बार फिर से बाघों और वन्यजीवों के लिए वातावरण तैयार करने की योजना पर कार्य शुरू हुआ है। पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ कुलवंत सिंह हाल में ही इस इलाके का दो दिन का दौरा किया। उनके इस दौरे के बाद पलामू टाइगर रिजर्व ने एक साथ कई बिंदुओं पर अपने कार्य योजना को शुरू कर दिया है। पीटीआर आने वाले 5 से 10 वर्षों के लिए कार्य योजना तैयार कर रही है। इस योजना के तहत बाघों के लिए बेहतर




हैबिटेट और अन्य वन जीवों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाना है। पलामू टाइगर रिजर्व करीब 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जिसके आसपास के इलाकों में 300 से अधिक गांव मौजूद हैं। जिसमें कोर एरिया में करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव है जिमका रीलोकेशन का प्रस्ताव है। शुरूआती रीलोकेशन के लिए कुजरूम और लटू गांव का चयन किया गया था। 2011 जनसंख्या आंकड़ों के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व में 1.67 लाख मवेशी मौजूद हैं। जो वन्य जीवों के लिए बड़ा खतरा है।वहीं यहां के प्रबंधन ग्रास लैंड को भी बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें वो चार इलाकों में ग्रास लैंड विकसित कर रहे हैं और हिरण के लिए सॉफ्ट रिलीज सेंटर बना रहे हैं। पत्र में फिलहाल 2 प्रतिशत के करीब ही ग्रास लैंड है। जबकि टाइगर रिजर्व में ग्रासलैंड 10 से 12 प्रतिशत है। प्रबंधन ने वन्य जीवों के संरक्षण के लिए मंडल डैम कैचमेंट प्लान और रेलवे लाइन के डाइवर्ट को लेकर भी प्राथमिकता के आधार पर योजना तैयार किया है।इसे लेकर पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि प्रबंधन 5 से 10 वर्षों की कार्य योजना को तैयार कर रही है। ताकि बाघ और अन्य वन्य जीवों के लिए बेहतर हैबिटेट बन सके। जिसमें बाघ को इलाका छोड़कर नही जाना पड़ेगा। गांव का रिलोकेशन, ग्रासलैंड, इको टूरिज्म, रेलवे लाइन, पानी की उपलब्धता, सुरक्षा, मंडल डैम, समेत कई बिंदुओं पर एक कार्य योजना तैयार किया गया है।

### चिनिया प्रखंड का सुदूरवर्ती गांव आजादी के 77 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर, न पेयजल की व्यवस्था, न ही बिजली-सड़क

# 50 घरों के 275 लोग आज भी चुआंडी का पानी पीने को मजबूर

**हेमंत कुमार। चिनिया**
प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र नक्सली गांव आजादी के 77 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव में न पीने के पानी की व्यवस्था है, न ही बिजली और सड़क है। नक्सली गांव के पालामाटी टोले में लगभग 50 घरों की बस्ती है, जहां लगभग 275 लोगों की आबादी निवास करती है। वहां एक भी चापाकल नहीं है। यहां के लोग नदी में चुआंडी खोदकर पानी पीते हैं या नहीं तो गांव के दूषित कुएं के पानी पीने को मजबूर हैं।





वहीं गांव में आज तक लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं। टोले में पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। ग्रामीण कहते हैं कि हम लोग वोट देकर सरकार बनाते हैं, लेकिन आज तक सुविधा के नाम पर कुछ नहीं हुआ। दूषित पानी पीने से गांव के लोग कई बीमारियों से आक्रांत होते हैं। गांव में एक स्कूल है परंतु कोई आंगनबाड़ी नहीं है। महिलाएं कहती हैं कि जब बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आ जाती है तो हम लोग पीने के पानी के लिए बाढ़ खत्म होने तक इंतजार करते हैं। चाहे घर में कोई प्यासा ही क्यों ना बैठा रहे। बाढ़ खत्म होता है तो हम लोग लाल पानी या बरसाती ओरी का पानी पीने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यहां पर लगभग आदिवासी परिवार के लोग निवास करते हैं तथा झारखंड में माटी की सरकार कहे जाने वाली हेमंत सरकार के लिए यह एक तमाचा भी है। सरकार एक ओर यह दावा करती है कि आज गांव के कोने-कोने में पीने के लिए स्वच्छ पानी सड़क व बिजली की व्यवस्था है, लेकिन यह दावा इस गांव के लिए खोखला साबित हुआ है। मौके पर ग्रामीण दुखन सिंह, शिवकुमार सिंह, देवनारायण सिंह, विंध्याचल सिंह, विनोद सिंह, मुकेश सिंह, कामेश्वर सिंह, धनबरती कुमारी, किस्मतया देवी, मंती देवी, प्रभा कुमारी, प्रमिला कुमारी, राधे सिंह, शांति देवी, फुल मनी देवी, रमेश सिंह, मनबसिया देवी, लालो देवी, शांती देवी, फुलमनी देवी, रिंकी देवी, रामपतिया कुमारी, तारा कुमारी, सुमित्रा कुमारी आदि कई ग्रामीण कहते हैं हमारे यहां आज तक सरकार द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। हम जैसे हैं जिस हालत में हैं वैसे ही जीने को मजबूर हैं। यहां के लोगों का रहन-सहन काफी दयनीय है।

### लापरवाही : उप स्वास्थ्य केंद्र कैलान में लगा रहता है ताला, नहीं मिलता इलाज

# महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही, एएनएम घर में रिश्तेदार की खातिरदारी में जुटी रहीं

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
कैलान पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात प्रसव के लिए आई महिला दर्द से एक घंटे तक तड़पती रही, जबकि एएनएम अपने रिश्तेदार की आवभगत करने में मशगूल थी। मामला बीती रात का है मंगरदह से सुदेश्वर भुईयां की पुत्री कविता देवी पति विकास भुईयां को प्रसव के लिए परिजन कैलान उप स्वास्थ्य केंद्र में लेकर करीब 9 बजे पहुंचे थे, जहां अस्पताल में ताला लटका हुआ था। परिजनों ने उप मुखिया सुरेंद्र यादव को इसकी सूचना दी। अस्पताल परिसर के बगल में ही दाई लीलावती देवी रहती है जिससे परिजनों ने अस्पताल खोलने के लिए कहा, तो उसने कहा कि हमें वेतन नहीं मिलता है। हम अस्पताल नहीं खोलेंगे। फिर उप मुखिया ने एएनएम मीना कुमारी से फोन पर बात की। इसके पूर्व दाई से आग्रह करने पर अस्पताल खोला गया। इसी बीच मैरिज दर्द से तड़प रही थी। मीना कुमारी के द्वारा कहा गया कि हमारे घर में रिश्तेदार आए हैं। हम दो-तीन घंटे के बाद आएंगे। इस पर परिजनों ने काफी हंगामा किया। करीब एक घंटे के बाद एएनएम मीना कुमारी अस्पताल पहुंची।



उल्लेखनीय है कि कैलान में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सही समय पर लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए निजी क्लीनिकों पर या जिला स्तर पर अस्पताल में जाना पड़ता है। उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कहने को तो यहां 24 घंटे एएनएम और इलाज की सुविधा मिलना है। लेकिन ताला नहीं खुलने से ग्रामीणों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है।

#### लापरवाही बरत रहे केंद्र पदस्थ कर्मचारी

सुरेंद्र यादव, अनिल यादव, आशीष यादव, सुनील यादव आदि ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ एएनएम की लापरवाही के कारण लोगों को समय पर इलाज नहीं मिलता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करने में समस्या आती है। वहीं छोटी-मोटी बीमारियों की दवा तक उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसे ही हालात कैलान उप स्वास्थ्य केंद्र बने हुये हैं। इन गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आए दिन ताला लटका दिखाई देता है। क्षेत्र की करीब 15 हजार आबादी को यहां स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां के एएनएम मीना मैडम अपनी मर्जी के अनुसार आती हैं। कभी 1 घंटे तो कभी 2 घंटे रुकने के बाद चली जाती हैं। कभी-कभी तो स्वास्थ्य केंद्र खुलता ही नहीं है। बाकी दिनों में केंद्र पर ताला दिखाई देता है। अन्य उप स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी सिर्फ टीकाकरण करने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचते हैं जिससे गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण तो हो जाता है लेकिन बाकी के दिनों में इलाज नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाज करने के लिए भवनाथपुर नगर गढ़वा जाना पड़ता है जिसमें पैसा और समय दोनों खर्च होते हैं।

#### मेरी ड्यूटी सुबह 5 बजे से शाम 8 बजे तक

एएनएम मीना कुमारी कैलान उप स्वास्थ्य केंद्र से करीब 5- 6 किलोमीटर दूर टाउनशिप सेल के आवासीय परिसर में रहती हैं। जब अस्पताल में कोई मरीज या प्रसव के लिए आता है तो दाई के द्वारा फोन करने के बाद वहां पहुंचती है, जबकि केंद्र में एएनएम को 24 घंटा रहना है। इस संबंध में एएनएम ने कहा कि रात में सहिया ने फोन किया था। मैंने कहा कि हमारे घर में रिश्तेदार आए हैं। उन मरीज को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दीजिए। इसके बाद मैं निश्चित हो गई लेकिन कुछ देर के बाद उप मुखिया का फोन आता है। मैं अकेला हूं। मेरी ड्यूटी सुबह 5:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक है। इसलिए मैं रात में यहां नहीं रुकती हूं। इसलिए मैं दाइे को ताला चाभी सौंप कर डेरा वापस चली जाती हूं।

#### उप स्वास्थ्य केंद्र में ही रहना है एएनएम को

वहीं दाई लीलावती देवी ने कहा कि मेरा वेतन 4 हजार मिल रहा था। लेकिन किसी कारण वश मेरा वेतन रुक गया है चार माह से। डॉक्टर मीना कुमारी ने बताया कि आप कम कीजिए आपको रुका हुआ वेतन मिलेगा और अगर नहीं मिला तो गर्भवती महिलाओं से 500 रुपये आपको दिलाने का काम हम करेंगे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रंजन कुमार दास ने बताया कि कैलान उपवास केंद्र में बीती रात की घटना की जानकारी नहीं है लेकिन एएनएम को उप स्वास्थ्य केंद्र में ही रहना है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चे बने ओवरऑल चैंपियन

**भवनाथपुर।** लातेहार में आयोजित विभाग्य स्तर प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर के बच्चों ने अपना परचम लहराया। कंप्यूटर के शिशु वर्ग में तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी, संतोष कुमार बाल वर्ग में द्वितीय स्थान सत्यम चौबे, आयुष्मान गुप्ता, नेहा शुक्ला और किशोर वर्ग में अंशिका सिंह, सुहानी सिंह, शुभम यादव रहे। वहीं अंग्रेजी शिशु वर्ग में प्रथम स्थान पर सुमंगल सिंह, स्वेता कुमारी, हर्ष यादव बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर ऋषिकेश गुप्ता, मधु कुमारी, अमृत कुमार, किशोर वर्ग प्रथम स्थान नीलम कुमारी, सुरभि सिंह, प्रभात मेहता ने स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान के शिशु वर्ग में प्रथम स्थान पर अग्रिमा सिंह, ओमी सिन्हा, सूर्य आदित्य राज, बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर माधुरी कुमारी, ईशा राज, दिव्यांशु गुप्ता, वहीं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर सांभवी सिंह, आयुषी चौबे, इंदु शुक्ला रही। संस्कृत के बाल वर्ग में द्वितीय स्थान पर किंजल कुमारी, नित्या कुमारी, पलक चौबे और किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर दीपिका कुमारी, रूबी यादव, पलक पाल रही। संकृति ज्ञान के शिशु वर्ग में तृतीय स्थान पर सुनिधि, निखिल पाल, कुशाग्र रवानी रही। वहीं बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर स्वीटी पाल, आयुषी चतुर्वेदी, निशी कुमारी, किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर आरुषि सिंह, रिया चौबे, मांशी सिंह रही। वहीं विज्ञान पत्र वाचन में प्रथम स्थान पर इक्छा गुप्ता और किशोर वर्ग में तृतीय स्थान पर सुप्रिया कुमारी रही। प्रतियोगिता में दस विद्यालय के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। उनमें भवनाथपुर विद्यालय ने ओवरऑल चैंपियन का सम्मान प्राप्त किया।

## अमृत वाटिका को ग्रामीण ने कर डाला तहस-नहस

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने, सरोवर को सुंदर बनाने और चिड़ियों के लिए रैन बसेरे के निर्माण के उद्देश्य से सिलीदाग पंचायत के मंगरा ग्राम में अमृत सरोवर पर महत्वाकांक्षी योजना अमृत वाटिका के तहत गत स्वतंत्रता दिवस को प्रखंड विकास पदाधिकारी, ग्रामीणों की उपस्थिति में मुखिया अनीता देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण के साथ-साथ ध्वजारोहण कर चारों तरफ 75 पौधे लगाए गए थे और सभी पौधों का गैबियन से घेराव किया गया था। इन पौधों को मंगलवार को ग्राम सिलीदग निवासी रामाराम पिता स्व. उखमजी राम के द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया।

इस घटना के संबंध में सिलिदाग पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमृत सरोवर के चारों तरफ अमृत वाटिका योजना के तहत लगाए गए पौधों को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया है। इस योजना के द्वारा हो रहे पर्यावरण प्रदूषण को दूर कर स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देना है जिससे वायु प्रदूषण दूर हो और मिट्टी के बहाव को रोका जा सके और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। इस संबंध में आवेदन के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को विधिसमवत कार्रवाई हेतु आग्रह किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की सुबह में सिलीदाग निवासी रामा राम द्वारा तालाब के किनारे लगाए गए सभी पौधों एवं बांस के घेराव को उखाड़ कर फेंक दिया गया, जिसका कुछ लड़कों ने मोबाइल में वीडियो भी बनाया है।

#### बीडीओ ने कहा, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी



वहीं सिलिदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी बताया कि यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य वातावरण को शुद्ध, मिट्टी बहाव की रोकथाम और अमृत सरोवर को सुंदर बनाना है। सुबह करीब 07:30 बजे के आस-पास ग्रामीणों द्वारा उक्त घटना की सूचना दी गयी, जिसकी सत्यता जांच की गयी तो सही पायी गयी। यह बहुत ही निंदनीय कार्य किया गया है। इससे पंचायत का विकास अवरूध होगा। साथ ही असमाजिक प्रवृत्ति की मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ेगा और इससे आने वाले भविष्य में पंचायत में कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिस प्रकार से अंधाधुंध जंगलों को काट कर वातावरण को दूषित किया गया है, उससे वायु प्रदूषण तो फैला ही है, जीवन चक्र भी प्रभावित हुआ है। इससे वर्षा भी प्रभावित हुआ है, जो समय से नहीं होकर असमय हो रही है और चिड़ियों की किलकारिया सुनने को मानव तरस रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर उचित कारवाई की जाएगी।

# कई गांवों में हाथियों का उत्पात, फसलें भी बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के कई गांव में मंगलवार की रात्रि लगभग 2 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है, जिसमें खूरी पंचायत के बघमरी, बेसना व पाला माटी गांव का नाम शामिल है। वहीं बघमारी गांव में नासिर अंसारी के मकई व धान, व बेसना टोला में हनीफ अंसारी के मकई, मुस्लिम अंसारी के मकई धान, सलीम अंसारी के बादाम मकई, रफीक अंसारी के मकई, जाबिर अंसारी के मकई शकरकंद, जन्नत हुसैन के मकई धान, वही पलामाटी गांव में दुखन सिंह के तिल एवं मकई, शिवकुमार सिंह के धान तथा घर में रखे बाइक एवं खटिया सहित कई सामानों को तोड़ डाला गया। वहीं देवनारायण सिंह के मकई, विंध्याचल सिंह के



मकई धान, विनोद सिंह के मकई, सुरेश सिंह के धान एवं मकई, ब्रह्मदेव सिंह के मकई, लगन सिंह के धान एवं मकई, सोहराई सिंह के मकई, विजय सिंह के मकई, मुकेश सिंह के धान, सुरेश सिंह के धान, बंधन सिंह के धान की फसल को जंगली हाथियों ने खा लिया एवं बर्बाद कर दिया। किसानों ने बताया कि लगभग रात्रि 2:00 बजे जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश किया एवं फसलों को नुकसान करने लगे। हल्ला गुला करने पर भी हाथी नहीं भागे रात भर गांव में किसानों की फसलों को हाथी रौंदते रहे। बताते चलें कि दूसरे दिन भी हाथियों का आतंक थाना क्षेत्र में जारी रहा और अभी भी हाथी गांव के बगल के जंगल में हैं। गांव वालों का कहना है कि दिन होते ही हाथी जंगल की ओर चले जाते हैं और शाम होने के बाद हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जाता है। हाथियों की संख्या 20 से 25 बताई जा रही है जिसमें हाथी के बच्चे भी चार-पांच बताए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से मोटर पंप आदि से धान एवं मकई फसल को बचाया था। बारिश की बेरुखी से किसान पहले से ही बर्बाद हो चुके हैं। उस पर यह जंगली हाथी आकर और किसानों की कमर तोड़ रहे हैं। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा हुये फसलों के नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। उधर ग्रामीण का कहना है कि क्षेत्र से जंगली हाथियों को जल्द से जल्द भगाया जाए। मुखिया प्रतिनिधि उदय भुईया व बिडिसी प्रतिनिधि दयानंद राम ने नुकसान का जायजा लिया। कहा कि विभाग जल्द किसानों को मुआवजा दे।

## सिविल सर्जन ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीएस ने कूड़ेदान में नवजात के शव को फेंके जाने के मामले की जांच की। अस्पताल के प्रसव कक्ष का मुआयना किया। प्रसव कक्ष के कूड़ेदान में ही मंगलवार रात को नवजात का शव पाया गया था। सीएस ने अस्पताल के डीएस डॉ गोखुल प्रसाद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से इस संबंध में जानकारी ली। सीएस ने बताया कि कूड़ेदान में नवजात के शव को फेंके जाने का मामला गंभीर है। इस संबंध में जांच टीम बनायी जायेगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई होगी।

# रक्तदान कर मनाया भाई-बहन का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
त्याग, बलिदान, समर्पण की रक्षा का संकल्प का त्योहार रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जिला परिषद ग्रुप की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान के नेतृत्व में 27 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान करने वालों में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष गीता देवी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान की पत्नी कविता देवी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, समाजसेवी देवबंश गुप्ता, सतेंद्र राम, रविंद्र टोप्पो, बुलु उरांव, शशि कुमार रजक, चंदन सिंह, राजा हुसैन, अजित यादव, रिंकू बैठा, देवकुमार यादव, सियाराम, राजेश कुमार जायसवाल आदि ने रक्तदान किया।



इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने बताया कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व के अवसर पर हम सबों ने यह रक्तदान कर भाई-बहन की जान बचाने के संकल्प के साथ यह पर्व मनाया है। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष गीता देवी ने कहा कि तंदुरुस्ती की रक्षा करता है रक्तदान। रक्तदान है जहां तंदुरुस्ती है वहां। मौके पर उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, बीडीओ गणेश महतो, थाना प्रभारी अभय कुमार, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, राकेश उरांव, अजय बैठा, बिनोद यादव, खुर्शीद अंसारी आदि उपस्थित थी।

### जीयर स्वामी बोले | मोहमयी प्रमादरूप मदिरा (शराब) के नशे में संसार मतवाला हो रहा है

# मिथ्या आशा के फेर में दुर्लभ मनुष्य शरीर को यूं ही नष्ट न करें

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि श्वास बाहर निकल गया, वह वापस आवे न आवे, इसलिये गफलत और बेहोशी छोड़कर अपनी काया को क्षणभंगुर समझकर दूसरों की भलाई करो और अपने सिरजनहार में मन लगाओ, क्योंकि नाता उसका सच्चा है। उन्होंने कहा कि याचना करने से त्रिलोकीनाथ भगवान को भी छोटा होना पड़ा, तब दूसरों के लिये कहना ही क्या? हाथ के ऊपर हाथ करो, पर हाथके नीचे हाथ न करो. जिस दिन दूसरों के आगे हाथ फैलानेकी नौबत आवे, उस दिन मरण हो जाय तो अच्छा। स्त्री पुत्रों के पालन-



पोषण की चिंता में मनुष्य की सारी आयु बीत जाती है, पर परमात्मा के भजन में उसका मन नहीं लगता। स्त्री-माया ही संसार - वृक्षका बीज है। शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध उसके पत्ते काम-क्रोधादि उसकी डालियां, पुत्र कन्या प्रभृति उसके फल हैं और तृष्णारूपी जलसे यह संसार वृक्ष बढ़ता है। लोहा और काठ की बेड़ियों से चाहे कभी छुटकारा हो जाय, पर स्त्री-पुत्रादि की मोहरूपी बेड़ियों से पुरुष का पीछा नहीं छूट सकता। जिनके मुंह देखने से पाप लगता है, स्त्री के लिये उन्हीं की खुशामदें करनी पड़ती हैं। किस्मत को देखो कि जिसने मनुष्य को कितना कमजोर बनाया, पर काम उससे दोनों लोकों के लिये गये। उसे इस लोक और परलोक की फिक्र लगा दी। स्त्री के वश में होना सर्वनाश का बीज बोना है। गर्दन पर बिखरे हुए बालों वाला करालमुखी सिंह, अत्यंत मतवाला हाथी और बुद्धिमान समरशूर पुरुष भी स्त्रियों के आगे जो तुम्हारी बातें सुनना न चाहें, उनके गले मत पड़ो। विषयभोगों में सुख नहीं है। एक न एक दिन मनुष्य को इनसे अलग होना ही पड़ता है। अलग होने के समय विषय-भोगी को बड़ा दुःख होता है। आत्मचिंतन करो, पर आत्मचिंतन करना सहज काम नहीं है। इसके लिये मनको वश में करना होगा, उसे विषयों से हटाना होगा, उसे वृत्तियों से अलग कर एकाग्र करना होगा, तभी सफलता हो सकेगी। मूर्ख मनुष्य भाग्यपर संतोष नहीं करता, धनके लिये मारा - मारा फिरता है। जब कुछ हाथ नहीं लगता, तब रोता और कलपता है। यदि तू सुख-शांति से जीवनयापन करना चाहता है तो तृष्णा पिशाची के फंदे से निकलकर भाग्यपर संतोष कर। अरी पामर तृष्णा! मैं तुझसे पूछता हूं कि इतने कुकर्म कराकर भी तुझे संतोष हुआ या नहीं। सूर्य के उदय और अस्त के साथ मनुष्यों की जिंदगी रोज घटती जाती है। समय भागा जाता है, पर कारोबार में मशगूल रहने के कारण वह भागता हुआ नहीं दिखता। लोगों को पैदा होते, विपत्तिग्रस्त होते और मरते देखकर भी मन में भय नहीं होता। इससे मालूम होता है कि मोहमयी प्रमादरूप मदिरा (शराब) के नशे में संसार मतवाला हो रहा है। मनुष्य दूसरे को बूढ़ा हुआ तथा मरनेवाला देखता है, पर स्वयं यही समझता है मैं तो सदा जवान रहूंगा- अमर रहूंगा। यह अज्ञानी का लक्षण है। मनुष्यों ! मिथ्या आशा के फेर में दुर्लभ मनुष्य शरीर को यूं ही नष्ट न करो।

## महंगाई पर भारी भाई बहन का प्रेम, जमकर खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
प्रखंड क्षेत्र के डंडाई गांव में बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट में पूरी तरह रक्षाबंधन पर्व की धूम रही। हॉट के अधिकांश जगहों पर सिर्फ और सिर्फ राखी की ही दुकानें दिखाई दी। इस दौरान अंबेडकर चौक से लेकर बीच बाजार होते डंडाई लवाही मोड तक की सड़कों के दोनों और की जगह सिर्फ रखी से ही गुलजार रहा। बहनों ने कम दाम की राखी पर नजर ना उठाकर अधिकतम सबसे महंगी दर वाली 200 रुपये तक की राखी की खरीदारी की। इस तरह भाई और बहन के बीच का अटूट प्रेम महंगाई पर पूरी तरह भारी पड़ता नजर आया। राखी की खरीदारी कर रही बहनों ने बताया कि भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम का रिश्ता है। उसको निभाने का अवसर हम लोगों को वर्ष में एक ही बार मिलता है। ऐसे में अच्छी से अच्छी राखी हम लोग खरीद रहे हैं। उधर, मिठाइयां भी खूब बिकी। 100 प्रति किलो से लेकर 800 प्रति किलो की दर पर मिठाइयां खरीदी गयीं।



### महुआडांड व गारू के कई ग्राम टापू में तब्दील, वाहनों का आवागमन ठप

# ठेकेदार की लापरवाही का नजीता भुगत रही दो प्रखंड के दर्जनों गांवों की जनता

### लेबर को भुगतान की जानी वाली राशि भी लेकर भागा, विभाग के अधिकारी की भी नहीं सुन रहा ठेकेदार

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** एके एंड आरके कंपनी के संवेदक की लापरवाही का नतीजा महुआडांड एवं गारू प्रखंड के दर्जनों ग्राम की जनता को भूगतना पड़ रहा है। संवेदक के कार्य के प्रति लापरवाही के कारण महुआडांड प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत स्थित चिकनीकोना ग्राम टापू में तब्दील हो गयी है। वहीं अधूरे में कार्य कर छोड़ दिए जाने के कारण दर्जनों ग्राम के लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या है मामला, कौन है दोषी :** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्राविवि (ग्राकामा) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा एके एंड आरके कंपनी के संवेदक को दस करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से महुआडांड एवं गारू प्रखंड में चार ग्रामीण पथ बनाने का एग्रीमेंट किया गया था। दो करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से महुआडांड प्रखंड स्थित बंदुआ से गोयरा तक चार किलोमीटर पथ निर्माण, एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये की लागत से मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लंबाई 1.6 किमी पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण, तीन करोड़ तीस लाख रुपये की लागत से गारू प्रखंड के बारेसाढ बस स्टैंड से मायापुर तक पथ निर्माण एवं तीन करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से गारू प्रखंड के रामसेली मोड़ से नावाटोली पहाड़कोचा तक पथ निर्माण कार्य करने थे। यह योजना वर्ष 2021-22 की योजना है। ठेकेदार के कार्य करने की गति इतनी धीमी है कि कार्य एग्रीमेंट किये हुए दो वर्ष होने को हैं परंतु अभी तक कहीं-कहीं कार्य का दस प्रतिशत भी नहीं किया है। ऐसे में ठेकेदार के कार्य नहीं करने का नतीजा इस क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।






#### लेबरों को पैसे नहीं दिये

एके एंड आरके कंपनी के संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य करने वाले गरीब मजदूरों का पैसा का भुगतान भी नहीं किया गया है। सड़क पथ निर्माण कार्य करने वाले गरीब मजदूर विनय यादव, अलबर्ट बरवा, दया किशोर तिर्की, रेमोन तिर्की, हरिशंकर सिंह, वसमत सिंह, रविंद्र सिंह, किशोर बरवा, विमल यादव, राकेश्वर यादव, मोहर यादव, रूपेश यादव, कुर्बान अंसारी, खदी सिंह, जितेंद्र सिंह, रेंगा सिंह आदि मजदूरों ने बताया कि कार्य किये हुए कई महीने बीत गये पर ठिकेदार पैसा नहीं दे रहा है। उनलोगों का बकाया लगभग एक लाख रुपये है। वहीं मजदूरी की दर प्रतिदिन 200 रुपये ही देता था। इससे उन लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो गई है।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

चिकनीकोना ग्राम के ग्रामीण जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि ठीकेदार के द्वारा अधूरे कार्य कर छोड़ दिए जाने के हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो गया है। हमें आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से ठिकेदार पर कारवाई करते हुए शीघ्र पथ निर्माण कराने की मांग की है। महुआडांड प्रखंड स्थित बंदुआ से गोयरा तक चार किलोमीटर पथ निर्माण के दरम्यान संवेदक के द्वारा किनारे किनारे लगे दर्जनों पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर गिरा दी गयी है, जिससे एक और पर्यावरण पर दूषित प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है।

#### क्या कहते हैं अभियंता?

इस संबंध में पूछने पर आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बड़ाईक ने बताया कि वे खुद भी एके. एंड आरके कंपनी के संवेदक की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कार्य करने को लेकर विभाग के द्वारा पूर्व में संवेदक को दो-दो बार नोटिस दिया जा चुका है पर संवेदक के द्वारा कोई रिप्लाई नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही विभाग को कार्य बंद करने को लेकर अनुशंसित पत्र भेजने वाले हैं। इसके साथ ही ठेकेदार को भी काली सूची में डालने के लिए पत्र प्रेषित करगें। वहीं इस संबंध मे संवेदक का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई पर फोन रिसीव नहीं करने के कारण उनसे बात नहीं हो पाई।

# स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार, बच्चों ने गाए राखी के गीत

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर(चतरा)**

प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत तरीके से बुधवार को बच्चों द्वारा मनाया गया। बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर राखियां बनाकर सहपाठी भाइयों की कलाइयों पर बांधी।

डुमरवार पंचायत अंतर्गत रहरिया एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के डॉयरेक्टर मोजम्मिल हुसैन तथा प्रधानाचार्या कुदरत अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रंगारंग प्रस्तुति देकर बच्चों ने राखी के गीत गाए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर-सुंदर राखी बनाई और अपने सहपाठी भाइयों की कलाइयों पर बांधी। विद्यालय प्रधानाचार्या ने बच्चों को रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताया। इस दौरान सहपाठी भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए तथा उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के पर्व पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रबंधकों ने बच्चों को मिठाईयां खिलाई। रक्षा बंधन कार्यक्रम में अरमान खान, फिरदौश खान, साहिल आलम, सैकलैन मुस्ताक, संजय कुमार, अल्ताफ हुसैन, आकाश कुमार आदि भारी संख्या में बच्चे शामिल थे।



## प्रशासन ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के द्वारी नदी से अवैध रूप से बालू उठा रहे एक ट्रैक्टर को अंचल प्रशासन ने बुधवार को जब्त कर लिया। जब ट्रैक्टर को अंचल द्वारा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से बालू उठा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस बाबत थाना में अवैध खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज भी कर ली गई है। छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य जवान भी शामिल थे।

# गिद्धौर प्रखंड के शिव मंदिर में प्रेमी जोड़े ने रचायी शादी

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** प्रेम विवाह में शुभ मुहूर्त व निर्धारित तिथि का होना आवश्यक नहीं है। ऐसा ही कुछ गिद्धौर प्रखंड के जपुआ शिव मंदिर में बुधवार को हुआ। मिली जानकारी के अनुसार इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज गांव की चांदनी कुमारी एवं गिद्धौर प्रखंड के सिमरातरी निवासी नीतीश कुमार भारती के बीच दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम जब परवान चढ़ा तो प्रेमिका शादी करने की जिद्द पर अड़ गई और प्रेमिका अपने परिजनों की परवाह किए बगैर बुधवार को प्रेमी नीतीश कुमार भारती से विवाह रचाने का फैसला किया, जिसे प्रेमी के परिजनों ने सहज स्वीकार भी किया और देखना क्या था। बगैर शुभ मुहूर्त व बिना लग्न के जपुआ शिव मंदिर में प्रेमी जोडे ने विवाह कर ली। शादी समारोह के दौरान खुशनुमा माहौल में प्रेमी जोड़े ने एक दूसरे का हाथ थामा। बताया जाता है कि चांदनी पितीज गांव के ब्यास भुइयां की पुत्री है, जबकि नीतीश सिमरातरी गांव के कन्हाई भुइयां का पुत्र है।

# हरि कीर्तन को लेकर निकाली कलश यात्रा, बड़ी संख्या में महिलायें शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र प्रसिद्ध ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ हरि कीर्तन को लेकर मुखिया मनोज साहू के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

यात्रा महादेव मठ से गंगा पूजन के बाद कलश में जल भरने के पश्चात प्रारंभ हुयी जो दुर्गा मंडप, मेन चौक, बेल चौक, नीचे टोला का भ्रमण करने के उपरांत पुनः महादेव मठ पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कीर्तन मंडप में कलशों को स्थापित किया गया और हरे राम, हरे कृष्णा उच्चारण के साथ हरि कीर्तन प्रारंभ किया गया। जितेंद्र सौंडिक, लवकुश गुप्ता समेत अन्य महादेव मठ कमेटी के लोगों ने बतायाकीर्तन की पूणार्हुति होने के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया।



# पारा शिक्षक की आड़ में वन माफिया का काम

### वन विभाग ने 10 लाख की कीमती लकड़ी की जब्त, चार देसी बंदुक (भरठुआ) के साथ चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पलामू टाइगर प्रोजेक्ट अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के सुरकुमी गांव में कई जगहों से वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग 10 रुपये की कीमती लकड़ी जब्त की है।

सूचना थी कि लगातार गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के सुरकुमी के जंगलों में सागवान पेड़ों की कटाई और चिराई कर वन माफियाओं के द्वारा बिक्री की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर पश्चिमी वन क्षेत्र के रेंजर तरुण कुमार सिंह ने एक टीम गठित कर सुरकुमी गांव में छापामारी की। चार देसी बंदुक (भरठुआ) के साथ सुरकुमी गांव के किसुन बृजिया, बालेश्वर लोहरा के साथ गारू गांव निवासी रमेश कुमार गुप्ता और गौतम कुमार को गिरफ्तार वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर बुधवार को लातेहार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में रेंजर ने बताया कि लंबे समय से गारू निवासी रमेश कुमार गुप्ता और गौतम कुमार जंगल से सागवान, शीशम, बिया की कीमती लकड़ी कटवा कर बिक्री किया करते थे। साथ ही सुरकुमी गांव के भोले भाले आदिवासी युवक से कम पैसे में कीमती लकड़ी खरीद कर अधिक दामों पर बिक्री किया करते थे। रमेश कुमार गुप्ता सुरकुमी विद्यालय में पारा शिक्षक है। शिक्षक की आड़ कीमती पेड़ों की कटाई करते हैं। साथ ही वन संपदा को भी नुकसान किया है। इस मौके पर वनपाल प्रेमजीत तिवारी, अमृत कुमार, वनरक्षी अरुण कुमार, विशाल कुमार सिंह, पंकज पाठक, बिपिन कुमार के अलावा काफी संख्या में वन कर्मचारी उपस्थित थे।





## 14 साल से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ कर भेजा गया जेल

**बारियातु।** पुलिस ने बुधवार को बालुभांग पंचायत के हेरहनहोपा ग्राम से 14 साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बालूमाथ थाना कांड संख्या 43/09 के अभियुक्त भुनेसर यादव, उर्फ भूनस यादव (60) पिता वितन यादव, ग्राम हेरहनहोपा थाना बारियातु जिला लातेहार घर पर रह रहा है। इसके बाद थाना स्तरीय टीम गठित की गयी और छापामारी अभियान चला कर वारंटी को घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया।

# सीएचसी के डॉ. सुरेश को दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** लगभग 20 वर्षो तक बालूमाथ की सेवा करने वाले डॉ सुरेश कुमार का स्थानांतरण कोडरमा हो गया है। लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में को बालूमाथ के दवा दुकानदारों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में डॉ सुरेश कुमार के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ जेपी बड़ाइक, डॉ सुरेश कुमार, डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ अलीशा टोप्पो मौजूद रहे। लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन के दुकानदारों ने डॉ सुरेश कुमार को अंग वस्त्र ओढा कर सम्मानित किया। साथ ही साथ डॉ जेपी बड़ाइक एवं डा अलीशा टोप्पो को योगदान देने के अवसर पर अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। बालूमाथ हॉस्पिटल में चौबीस घंटे सेवा देने वाले एकमात्र चिकित्सक रहें हैं। इस मौके पर पर लखन लाल, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मो तौफिक, निरंजन कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, रामलाल यादव, विपिन बिहारी गुप्ता, पवन कुमार, के साथ हॉस्पिटल के सारे कर्मी मौजूद थे। वहीं आदर्श नगर स्थित विद्या कोचिंग सेंटर में एक सादे समारोह का आयोजन कर डॉक्टर सुरेश कुमार को विदाई दी गयी। शिक्षक अवनिकांत पाठक और निर्मल सिन्हा ने अंग वस्त्र प्रदान कर डॉक्टर सुरेश का स्वागत किया।



## निः शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित

**टंडवा।** संचालित सीसीएल की आम्रपाली-चंद्रगुप्त व मगध-संघमित्रा कोल परियोजना प्रबंधन ने बुधवार को अपने विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगारों से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया है। परियोजना प्रबंधन अपने-अपने क्षेत्र के इच्छुक कुल 20-20 बेरोजगारों को सीएसआर मद से सीएनसी आपरेटर तथा मैकेनिक टेक्निशियन के लिए रांची के टाटीसिलवे स्थित केंद्र में निरूशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कराएगी। सीसीएल प्रशिक्षण केंद्र को एक वर्ष के ट्रेनिंग कराने के एवज में प्रति कैंडिडेट औसतन ढाई लाख रुपये का भुगतान करेगा। प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

# लोक अदालत को सफल बनाने के लिये हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं लीगल एंपावरमेंट कैंप को सफल बनाने हेतू बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पीडीजे श्री सिंह व संचालन प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपाई ने किया। जिला जज ने प्रखंड विकास प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी स्कीमों का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दे और इसका विवरण जिला विधिक प्राधिकार में उपलब्ध कराएं। अंचलाधिकारियों का निर्देश दिया की लीगल एंपावरमेंट कैंप के माध्यम से राष्टीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करे। लोक अदालत में सुलहनीय/आपराधिक मामले, सिविल मामले, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामले, वन विभाग, बिजली भिभाग, माप-तौल भिभाग, श्रम विभाग, उत्पादन विभाग, बैंक सर्टिफिकेट केस, इंसोरेन्स क्लेम, टेलीफोन एवं नगर निगम से संबंधित मामले, ट्रैफिक चलान सहित जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायगा। बैठक में सदर एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी गोरांग माहतो, सदर बीडीओ गणेश रजक, सिमरिया की नीतू सिंह, प्रतापपुर के मुरली यादव, कुंदा के खगेश कुमार, गिद्धौर के संजीत सिंह मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण

**मनिका।** प्रखंड के रांकीकंला पंचायत ग्राम चहेलियां भुइया टोला में वंदे मातरम निष्काम कर्म योग की साधना रक्षाबंधन के त्योहार के पावन अवसर पर आज दिन बुधवार को नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंदों को साड़ी धोती वस्त्र और मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर अभिषेक सोनी, संजय राम, मुनेश्वर, छठन, शंकर भुइयां, बहुत बोउध भुइयां मुख्य रूप से उपस्थित थे। नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि नशा से बचने के लिए शिक्षा के प्रति अपना धर्म संस्कृति वैभव बचा रहे। इस पर जागृत किया गया। उन्होंने कहा सेवा भाव एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को देवत्त्व का स्थान दिला देता है।

### पहल | उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुयी

# बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसे सुनिश्चित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन/अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसे सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सजगता के साथ काम करें। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।




# बरवाडीह के पहले होटल सह रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के सिटी मॉल में बुधवार को होटल हिल व्यू एंड रेस्टोरेंट की विधिवत शुरुआत की गई, जिसका उद्घाटन स्टार सिटी मॉल की संस्थापक कांति देवी, उसके पति अनिल सोनी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने किया। मौके पर रवि कुमार चंद्रवंशी, मैनेजर आशीष कुमार, सेफ पीयूष कुमार, अरविंद कुमार, उपेंद्र कुमार, अमरेश कुमार, संजय दास, बॉबी कुमार, सतेंद्र उपाध्याय, अमित उपाध्याय, मनीष ठाकुर, अमृता कुमारी, रीना देवी, नगीना परवीन, मुस्कान कुमारी, सुमन कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### अरकोसा नवा टोली में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में जिओ मैक्स क्लब बना चैंपियन

# खिलाड़ी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी : सुखदेव भगत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सदर प्रखंड के अंतर्गत नेशनल फुटबॉल क्लब अरकोसा नवा टोली के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन समारोह का फाइनल मैच जिओ मैक्स क्लब बनाम और अरकोसा क्लब के बीच खेला गया, जिसमें जिओ मैक्स 1-0 से विजय होकर चैंपियन बना। मौके पर पूर्व विधायक सह लोहरदगा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून है। सैकड़ों की संख्या में जिले में फुटबॉल टूर्नामेंट होता है और यहां की जनता टूर्नामेंट को उत्सव के रूप में मनाते हैं। गांव के सभी वर्गों का सहयोग रहता है। भगत ने कहा कि खेल को हमें रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है। खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उसके लिए हम सबको फीफा के नियम से खेलना होगा। तभी हम रोजगार पा सकते हैं। जिला में अभी सीनियर डिवीजन फुटबाल लीग का आयोजन किया गया है ताकि जिला स्तर पर बेहतर खिलाड़ियों का चयन किया जा सके। मौके पर आलोक कुमार साहू, मुखिया बसंत उरांव, सत्यजीत सिंह, पूर्व मुखिया वीरेंद्र उरांव शिवपूजन सिंह, आयोजित समिति के



अध्यक्ष रोहित, उपाध्यक्ष कृष्णा उरांव, जगदेव उरांव, चंद्र किशोर भगत, मोबिन अंसारी, तारीक अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, मनोज भगत, वीरेंद्र यादव, इंद्रजीत उरांव, जीवन लकड़ा, रमेश उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, राजेंद्र उरांव, दिनकर टाना भगत खदिया उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समापन समारोह में नागपुरी संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया था।

## 24 करातेकारों की टीम चैंपियनशिप के लिए आज दुमका होगी रवाना

**लोहरदगा।** जिला कराटे संघ से कराटेकारों का एक टीम दुमका के लिए 31 अगस्त को रवाना होगा। इसकी जानकारी देते हुए लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई कयूम खान व सचिव रेंसी श्रवण साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि दुमका में 1 से 3 सितंबर तक स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन आफ झारखंड के बैनर तले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होगा। बताया गया उक्त आयोजन में सिर्फ एफिलिएटिड कराटे संघ के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चैंपियनशिप ऑफिशियल टूर्नामेंट है, जिसमें लोहरदगा जिला कराटे संघ के 24 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए दुमका जा रहे हैं। लोहरदगा से जाने वाली टीम संघ के सचिव रेंसी श्रवण साहू, प्रशिक्षिका सेंसाई सूर्यवती देवी, टीम मैनेजर शिल्पा खेस के साथ जायेंगे। टीम में शामिल कराटेकार द डोजो बीआईडी, जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल हरमू, स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया, लिवेंस अकादमी लोहरदगा के है।

### एपीसीसीएफ, डीएफओ, रेंजर व वनकर्मियों ने वृक्षों में रक्षासूत्र बांधकर दिया संदेश

# नंदिनी डैम जंगल में मनाया गया वृक्ष रक्षाबंधन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** वन प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा बुधवार को भंडरा प्रखंड के नंदिनी डैम के जंगल में वृक्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया। मौके पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कैम्पा रांची संजीव कुमार, लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार, रेंजर अरुण कुमार समेत अन्य वनकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ पर वृक्ष रक्षाबंधन किया। लगभग 100 की संख्या में ग्रामीणों ने वृक्ष को रक्षासूत्र बांधकर इसके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर एपीसीसीएफ संजीव कुमार ने कहा कि हरा भरा वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम है। हमसब मिलकर आज वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर यह संकल्प लें कि ये पेड़ हमारे भाई बहन के समान है और इसकी रक्षा करना हमारा दायित्व बनता है। हमे जंगलो को उजड़ने से बचाना होगा तभी हमसब का जीवन सुरक्षित रहेगा। कोरोना महामारी में ऑक्सीजन की कमी से हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं। ये पेड़ पौधे हमे ऑक्सीजन देने का कार्य करते हैं। इनके कारण ही प्रकृति का संतुलन बना रहता है और समय पर बारिश होती है।

#### हरे भरे वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम : एपीसीसीएफ




वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार द्वारा कहा गया कि हम सभी को वृक्षो की रक्षा करनी चाहिए तभी वृक्ष हमारी रक्षा करेंगे। लोहरदगा के विभिन्न वनक्षेत्रो में वृक्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया जा रहा है। आगे भी ऐसा कार्यक्रम चलाकर वृक्ष की रक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। डीएफओ ने कहा कि वृक्ष के कारण ही हमारा जीवन संभव है। वृक्ष हमे ऑक्सीजन देती है जिससे हमारा शरीर में वायु का संचार होता है। पेड़ पौधे इस सृष्टि के आधार स्तंभ है। यदि ये नही होंगे तो पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा। इस मौके पर फोरेस्टर जया उरांव, वनपाल, किशोर नंद कुमार, उप वन अधिकारी लोहरदगा, वनरक्षी कमला लकड़ा, अनिता लकड़ा, पंकज सिंह, चंद्रशेखर महतो, राजेन्द्र उरांव, प्रदीप साहू समेत बड़ी संख्या में भंडरा क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

## आरा में ग्रामीणों ने पेड़ पौधों पर बांधा रक्षा सूत्र

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत आरा ग्राम में वन सुरक्षा समिति और वन प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर



सुरक्षा का संकल्प लिया गया। अलौदी पंचायत के आरा ग्राम में वन प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह अलौदी पंचायत उपमुखिया गोपाल उरांव तथा वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील उरांव के नेतृत्व में अपने क्षेत्र के वन जंगलों में रक्षाबंधन पर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ पौधे और जंगल स्थान को सुरक्षित बचाने संकल्प लिया गया। वहीं वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष सह अलौदी पंचायत उपमुखिया गोपाल उरांव ने कहा कि प्रकृति पेड़ पौधे और पशु पक्षियों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। जिस तरह प्रत्येक दिन पेड़ पौधे कट रहे हैं, जंगल स्थान उजड़ रहा है वैसी स्थिति में मनुष्य और पशु पक्षी सभी को हवा और पानी के लिये भविष्य में काफी परेशानी होगी। वहीं रक्षा सूत्र बांध कर सभी ग्रामीणो ने जंगल स्थान तथा पेड़ पौधों को बचने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष सह उपमुखिया गोपाल उरांव, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष सुनील उरांव, पाहन रामचंद्र उरांव, पुजार पवन नायक, आंगनबाड़ी सेविका समेरुन खातुन, सुमंती उरांव, सहायक शिक्षक शमशाद आलम तथा विद्यालय के बच्चे और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### चंद्रयान-3 पर आधारित नाटक का किया मंचन



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक का मंचन तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता व राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर बायो शिक्षक यू सी दास व सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका रीना रितिका तिर्की के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा इसरो के चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन विद्यार्थियों द्वारा करवाया गया जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकृति पंकज व समूह, कक्षा दसवीं के छात्र तेजस्वी दूबे व समूह तथा रिद्धिमा सिंह व समूह तथा छोटे बच्चों में रिशिथ राज, प्राची विश्वकर्मा, वेदांश पंकज व अन्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों के मध्य राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा चौथी में परिनिधि चौधरी, आयुषी कुमारी, किसवा हरम व आलिया अंबर ने प्रथम, रिशिथ राज ने द्वितीय तथा प्रिंस उरांव व अर्पण प्रजापति ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा पांचवी में तलाश प्रेरित, शाश्वत कुमार ने प्रथम, साक्षी उरांव व एंजेल केरकेट्टा ने द्वितीय तथा अमीषा कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा आठवीं व नौवीं के विद्यार्थियों के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं में रितिका भगत ने प्रथम सुलोचना उरांव ने द्वितीय तथा श्री लक्ष्मी ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा कक्षा नौंवी में अन्वी मेहता ने प्रथम साक्षी कुमारी ने द्वितीय तथा विधाता उरांव ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिमा साहू, प्रमित कुमार व पूनम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जूनियर डीएवी में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने सदर थाना के प्रभारी अनिल उरांव को भी राखी बांधी।

### दुगार्पुर से छड़ चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**सेन्हा।** दुगार्पुर से छड़ लोडेड सहित ट्रक चोरी मामला में दुगार्पुर पुलिस सेन्हा थाना पुलिस की मदद से छड़ जब्त कर तीन को आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल राज्य के आसनसोल कॉक ओभेन के वर्द्धमान जिला अंतर्गत दुगार्पुर थाना कांड संख्या 166/23 दर्ज कर दुगार्पुर पुलिस की कारवाई जारी थी। उसी दौरान ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर चोरी का समान बंसरी रोड स्थित मनान अंसारी के मकान से दुगार्पुर पुलिस ने बरामद किया। चोरी का समान बरामद होते ही सेन्हा निवासी नैमुल अंसारी के पुत्र नईम अंसारी, हसीब अन्सारी के 40 वर्षीय पुत्र मनान अंसारी तथा टंगराटोली निवासी सुरेश महतो के 28 वर्षीय पुत्र राजेश महतो को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। वहीं दुगार्पुर पुलिस ने कहा कि छपेमारी में सेन्हा थाना में पदस्थापित एसआई गणेश कुमार यादव एवं पशिचम बंगाल के दुगार्पुर पुलिस टीम में एस आई लिटन मंडल दल बल के साथ शामिल थे।

### तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुडू।** पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विश्वजित सिंह ने बताया कि अभियुक्त बढकी चापी निवासी कमलू महतो पिता स्व महिपाल महतो व रितेश महतो पिता कमलू महतो और इश्तेहार वारंटी थाना क्षेत्र के कोलसिमरी निवासी राजेंद्र महली पिता फगुवा को गिरफ्तार किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आगामी 9 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में विभिन्न बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सके। बैठक में बैंक से संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक डालसा के सहयोग से 4500 से ज्यादा नोटिस पक्षकारों को निर्गत किए जा चुके हैं। प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, विभिन्न बैंक अधिकारियों के अतिरिक्त एलडीएम शंकर प्रसाद तथा स्थाई लोक अदालत के सदस्य स्मिता सिन्हा एवं मुरली लाल उपस्थित रहे।

### दुर्गा मंदिर में महाआरती व भंडारे का आयोजन

**लोहरदगा।** शहर के कृषि बाजार निकट रियाडा स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर व हनुमान मंदिर में जय श्रीराम समिति के बैनर तले नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में मंगलवार की संध्या भव्य महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारी, सदस्यों के अलावा सनातन धर्म के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना जागृत होती है। अपने धर्म के प्रति आस्था और कृतज्ञता में प्रगाढ़ आती है। वहीं समिति के जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने धर्म और संस्कृति से लोगों को जोड़े रखना है। मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक, जय श्रीराम समिति जिला संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, मनोज साहू, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, बिक्की कसेरा, अनुज कुमार,जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, अशोक साहू, लाल नितेश नाथ शाहदेव, राकेश साहू, निखिल कुमार, आशीष रजक, अनिकेत कुमार, आयुष यादव, आकाश मेहता, ज्योति भगत, अभिषेक साहू, गोलू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन आज, बहनों ने खरीदी भाइयों के लिये राखी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** सावन पूर्णिमा के अवसर भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन पर राखी खरीदने के लिये प्रखंड क्षेत्र के दुकानों में बहनों का सभी जगह भीड़ देखा जा रहा है। सावन माह का अंतिम दिन होने के कारण बहने अपने भाइयों का कलाई में राखी बांधने के लिये रंगबिरंगे और स्टोन का विभिन्न तरह के राखी खरीदते हुए दिखाई दी। राखी को लेकर प्रखंड मुख्याल के विभिन्न दुकानो पर बहनों का जुटान हो रही है। राखी के साथ ही मिठाई एवं गिफ्ट के दुकानों पर भी काफी चहल पहल देखी जा रही है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के परोहितों अवनीश पाठक, राजेश पाठक, नर्मदेश्वर पाठक ने बताया इस वर्ष सावन पूर्णिमा बुधवार रात्रि से लेकर गुरुवार सुबह तक ही है. जिसे रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त गुरुवार सुबह में 7 बजकर 7 मिनट तक है। वैसे गुरुवार को उदीयमान तिथि होने के कारण बहनें दिन भर भाइयों को राखी बांध सकती हैं।

## स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राखी महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** लोहरदगा के एकगुड़ी स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में राखी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की बालिकाएं अपने अपने थाल में रंग बिरंगी राखियां सहित मिठाई और तिलक सजाई थी। वहीं बालकों ने अपने कलाई पर बहनों से राखी बंधवाया। बालिकाएं भाइयों की कलाई में राखी बांधने को उत्सुक दिखाई दे रही थी। सभी बहनों ने सबसे पहले-पहले तिलक लगाया तथा भाइयों की कलाइयों पर राखियां बांधी तथा मंगल कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। स्कूल के डॉक्टर मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह भाई बहन का प्यार का त्यौहार है। हम बच्चों में शुरुआत से ही अपने त्योहार को समझने के लिए जागरूक करते आये है। स्कूल में राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमे स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाओं समेत बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## अकादमी में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्राचार्य नंदन कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय के बच्चों के बीच रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बहनों द्वारा सर्वप्रथम भाइयों को तिलक किया गया। फिर उनके कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलायी और अपने भाइयों की लंबी उम्र एवं हमेशा सुख रहने की कामना की। वहीं भाईयो ने उसे गिफ्ट प्रदान किया एवं हमेशा अपने बहन की रक्षा करने का वचन दिया। कार्यक्रम को सभी बच्चे बहुत उत्साहित होकर मनाये। कार्यक्रम में प्रमोद उराव, संतोष मिंज, जीवन साहू, कंचना सरोज, पूजा कुमारी, सुषमा देवी एवं विद्यालय के सभी भैया- बहन उपस्थित थे।

### आयोजन | विद्या मंदिर कॉलेज में पारंपरिक खेल-कूद दिवस मनाया गया, ध्यानचंद को दी गयी श्रद्धांजलि

# उमेश पासवान को मिला अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में राष्ट्रीय खेल दिवस पारंपरिक खेलकूद दिवस के रूप में मनाया गया' कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर द्वितीय बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार 2023 लोहरदगा निवासी और झारखंड तैराकी एसोसिएशन के मुख्य कोच उमेश कुमार पासवान को प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने समिति के पदाधिकारियों के साथ उमेश कुमार पासवान को स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और विद्या विकास समिति झारखंड की वार्षिक पत्रिका उत्सर्ग भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें




तैराकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। सचिव अजय प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि बृजमोहन लाल अग्रवाल लोहरदगा में शिशु मंदिर, विद्या मंदिर और महाविद्यालय की स्थापना करने वाली संस्थापक मंडली के प्रमुख सदस्य थे। खेलकूद को हमेशा प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत और अतिथि परिचय कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश कुमार पासवान ने कहा कि उन्हें 2009 में स्टेट गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। झारखंड सरकार द्वारा दो कैश अवार्ड मिला जिससे उनमें आत्मविश्वास और भी भर गया और उन्होंने 50 फीट पानी में नीचे जाकर रेस्क्यू भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करना बहुत जरूरी है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि खेल हमें एक नया जीवन देता है निराशा से आशा की ओर ले चलता है। हमें अपने खाली समय में कोई ना कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए और अनुशासित होकर खेलना चाहिए। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि लगन और विश्वास के बलबूते आदमी कुछ भी प्राप्त कर सकता है। सफलता किसी की मोहताज नहीं है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विनोद राय, प्रबंधकारिणी समिति की सदस्या शोभा देवी, वरिष्ठ पत्रकार दीपक मुखर्जी, महाविद्यालय विद्वत परिषद के सदस्य गोरख पांडेय, डॉ लोहरा उरांव, धनेश महतो, पुष्कर महतो, कृपा प्रसाद सिंह, रूपेश पासवान सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन खेल-कूद की प्रमुख यशोदा कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उपचुनाव व मगजमारी

**झारखंड** का डुमरी उपचुनाव रोचक होता जा रहा है। चुनाव प्रचार की कमान सीएम हेमंत सोरेन लेकर इमोशनल कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यह चुनाव शहादत का है। साथ ही कहा कि चूल्हा प्रमुख के नाम पर महिलाओं को लिफाफा दिया जा रहा है। इसके जरिये मुख्यमंत्री ने एनडीए को बेईमान भी कहा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि आप सभी लिफाफा जरूर लें, लेकिन वोट जेएमएम प्रत्याशी को ही दें। क्योंकि एनडीए के बोरे में जो बेईमानी का धन है, उसे इसी माध्यम से आप खत्म करें। डुमरी उपचुनाव के लिए झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में चुनाव प्रचार परवान चढ़ने लगा है। साथ ही 2024 के चुनावी तैयारी करने की बात जनता से की है। यह उपचुनाव मंत्री जगरनाथ महतो की मृत्यु के बाद खाली हुआ है। ऐसे में सीएम लोगों से श्री महतो को श्रद्धांजलि देने की बात कर रहे हैं। अब जवाबदेही यहां की जनता की है कि वे वोट के रूप में अपनी श्रद्धांजलि देते हैं या एनडीए प्रत्याशी को अपना मत देते हैं। ऐसे में एक तरफ भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सीएम हेमंत सोरेन आमने-सामने आ गये हैं। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों ने इस चुनाव को एक जननेता की शहादत का नाम दिया है। यह बात भी सही है कि दिवंगत महतो इस इलाके में काफी लोकप्रिय थे। उन्होने क्षेत्र के विकास में बहुत सारे कार्य भी किये हैं। डुमरी और नावाडीह प्रखंड में जो काम हुए हैं वह सभी दिवंगत जगरनाथ महतो की देन हैं। मान, सम्मान और स्वाभिमान की राजनीति की बात करने वाले नेता क्या सचमुच में ऐसे हैं। इसका जवाब यहां की जनता अपने मतों से देने का मन बना चुकी है। कारण यहां आज भी आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, किसान के हक-अधिकार की लड़ाई बाकी है। बता दें कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में 373 मतदान केन्द्रों पर वोटिंग होगी। डुमरी मे 199, नावाडीह प्रखंड में 129 और चंद्रपुरा में 45 मतदान केंद्र समेत कुल 373 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। मतदान केंद्र के भवनों की कुल संख्या 240 है। वहीं, महिला मतदान केंद्र की संख्या एक है। इस उपचुनाव के लिए मॉडल मतदान केंद्र भी बनाया गया है। इस उपचुनाव में 159596, नावाडीह में 102736 और चंद्रपुरा प्रखंड में 36295 मतदाता वोट डालेंगे। अब देखना है आने वाले दिनों में यहां की जनता किसे वोट देती है। लोगों की मानें तो इस उपचुनाव के बहाने सत्ता पक्ष और विपक्ष 2024 की तैयारी के लिए मगजमारी शुरू कर दिये हैं। उधर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी जनसभाओं के माध्यम से सत्ता पक्ष पर हमलावार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेखौफ और जनता डरी हुई है। तलवारें तन चुकी हैं। पक्ष और विपक्ष में आरोप व प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। लेकिन जनता मौन है। उसकी चुप्पी को समझने की कवायद में सभी लगे हैं। अब आने वाला समय ही बतायेगा कि जनता का मूड क्या है। लेकिन इतना सच है कि जैसे-जैसे चुनाव समीप आ रहा है। मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। इन तमाम बातों में यह नहीं भूलना चाहिए कि आज भी इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। विधायक किसी पार्टी का हो,क्षेत्र का विकास आवश्यक है। इसके लिए विकास के मसले पर सभी को एक छतरी का इस्तेमाल करना चाहिए।

**डुमरी उपचुनाव के लिए झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में चुनाव प्रचार परवान चढ़ने लगा है। साथ ही 2024 के चुनावी तैयारी करने की बात जनता से की है। यह उपचुनाव मंत्री जगरनाथ महतो की मृत्यु के बाद खाली हुआ है। ऐसे में सीएम लोगों से श्री महतो को श्रद्धांजलि देने की बात कर रहे हैं।**

# जी 20 की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संरचना की आधारशिला रखी गई


मनसुख मांडविया

**भारत** नई दिल्ली में 18वें जी20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इस परिदृश्य में हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वास्तव में समावेशी और समग्र सार्वभौमिक स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ को जोड़ने वाले सेतु की आधारशिला रखी जा चुकी है, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा, 'हमें अपने नवाचारों का जनकल्याण के लिए उपयोग करना चाहिए। हमें वित्तपोषण के दोहराव से बचना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी की न्यायसंगत उपलब्धता की सुविधा प्रदान करनी चाहिए।' यह देखकर खुशी होती है कि शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने महामारी के वर्षों के दौरान और उसके बाद से अर्जित सामूहिक ज्ञान के आधार पर कार्य करने के लिए एक लंबा सफर तय किया है - वास्तविक स्वतंत्रता तभी शुरू होती है, जब पूरी मानवता के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है। यदि कोई वायरस तबाही मचाने का फैसला करता है और हम इसका मुकाबला करने के लिए तैयार नहीं हैं, तो समाज किसी भी स्तर की आर्थिक खुशहाली का आनंद नहीं ले सकता है। यह बात, भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श की अंतर्निहित अवधारणा रही है। मंत्रियों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं और बहुपक्षीय एजेंसियों ने स्पष्ट तौर पर भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन किया है, जो सभी की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और उनकी क्षमताओं की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। इस प्रक्रिया में, हम बात पर एक व्यापक सहमति बनाने में सफल रहे हैं कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों को रोकने, इसके लिए तैयार रहने और इसका मुकाबला करने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई ही आगे का रास्ता है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया न्यायसंगत होनी चाहिए। स्वास्थ्य पर कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक कार्रवाइयों में शामिल हैं, चिकित्सा उपाय प्लेटफार्म के सिद्धांतों और संरचना पर आम सहमति बनाना, जो टीकों, उपचार, निदान और अन्य समाधानों तक पहुंच से जुड़ी मौजूदा असमानताओं में कमी ला सकता है और जिन्हें स्वास्थ्य संकटों से निपटने में प्रभावी उपाय माना जाता है। डिजिटल स्वास्थ्य पर एक वैश्विक पहल, जो देशों की डिजिटल स्वास्थ्य पहल की प्रगति की इस प्रकार सहायता करे कि अपने विशिष्ट संदर्भ में अन्य देशों के लिए समाधान अपनाने में अंतर को कम किया जा सके; इस बारे में अपनी समझ विकसित करना कि जलवायु और स्वास्थ्य एक-दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं, ताकि विशिष्ट समाधानों को प्राथमिकता दी जा सके; और पारंपरिक औषधियों के हमारे भंडार से जानकारी प्राप्त करना, ताकि हमारे भविष्य का स्वास्थ्य हमारे अतीत के ज्ञान से लाभ उठा सके।

**प्रतिरोधी चिकित्सा उपाय प्लेटफॉर्म की आवश्यकता :** दुनिया भर में कोविड-19 टीकाकरण और नैदानिक चिकित्सा ने हमारी निहित असमानताओं को उजागर किया है, जिन्हें हमें दूर करना होगा। आपस में अत्यधिक जुड़ी हुई दुनिया में, किसी देश में रोगाणुओं का खतरा, पूरी दुनिया के लिए खतरा है और हमें सिद्धांतों तथा एक वैश्विक संरचना पर सहमत होना चाहिए, जो टीकों, नैदानिक परीक्षणों, दवाओं और अन्य समाधानों तक न्यायसंगत और समय पर पहुंच में सभी देशों को सक्षम बना सके। ऐसा वैश्विक प्लेटफार्म समावेशी होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह उन देशों को ध्यान में रखता है, जो समाधान तक पहुंच में बाधाओं का सामना करते हैं; कुशल होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह मौजूदा क्षमताओं और नेटवर्क पर तेजी से आगे बढ़ता है; कार्यकुशल और अनुकूल होना चाहिए जिसका अर्थ है कि इसमें बदलती जरूरतों और वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार तेजी से अनुकूलन करने के लिए अंतर्निहित लचीलापन है; और जवाबदेह होना चाहिए जिसका अर्थ है कि एक पारदर्शी संरचना में स्पष्ट और साझा जिम्मेदारी है। इसे शीघ्रता से किफायती चिकित्सा समाधान उपलब्ध कराने चाहिए। जी20 के माध्यम से, हमने डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में ऐसे प्लेटफार्म को लागू करने के परामर्श के लिए एक अंतरिम व्यवस्था के निर्माण पर बिना किसी देरी के अपनी प्रतिबद्धता जताई है, जहाँ निम्न और मध्यम आय वाले देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो, ताकि अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति से मुकाबले के लिए हम पूरे तरह तैयार रहें। जी-20 देशों ने विशेष रूप से विकासशील देशों में टीकों, चिकित्सीय और नैदानिक उत्पादों की क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान एवं विकास के एक इकोसिस्टम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि स्वास्थ्य-आपातकालीन स्थितियों में बाजार की विफलताओं से बचा जा सके।

**डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल का शुभारंभ :** सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में, डिजिटल स्वास्थ्य सबसे शक्तिशाली उपायों में से एक के रूप में उभरा है। महामारी के दौरान हमने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव किया है। कोविड-19 के दौरान, डिजिटल जनकल्याण उपायों के रूप में परिकल्पित को-विन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूर्ण रूप से गेम-चेंजर साबित हुए, जिसने एक अरब से अधिक लोगों तक, जिनमें सबसे कमजोर समुदाय भी शामिल थे, टीकों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के तरीके को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बना दिया। भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम - आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) झ तैयार कर रहा है, जो मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड का संग्रह करने, मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त करने और उचित उपचार व अनुवर्ती चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ मेडिकल रिकॉर्ड साझा करने का अधिकार देता है। 120 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां या रणनीतियां विकसित की हैं, जो कम आय वाले देशों सहित दुनिया भर में डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों की जरूरत को दर्शाती हैं। लेकिन कुछ समय पहले तक, देशों के पास डिजिटल स्वास्थ्य पहल पर ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए कोई आम प्लेटफार्म और भाषा नहीं थी, जबकि वे ऐसा करना चाहते थे। डिजिटल स्वास्थ्य में इस तरह से अलग-अलग से कार्य करने का मतलब है कि समान उत्पाद का कई रूपों में दोहराव होना है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत 19 अगस्त को डिजिटल स्वास्थ्य पर डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली वैश्विक पहल (जीआईडीएच) के लॉन्च के बाद इस स्थिति में बदलाव होना निश्चित है। इस पहल पर जी-20 देशों के सर्वसम्मत समर्थन ने यह सुनिश्चित किया है कि दुनिया, निर्णायक रूप से देशों के बीच बढ़ते डिजिटल-विभाजन को पाटने के लिए, एक विभाजित डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आगे बढ़ेगी। पहल का उद्देश्य देशों को उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सहायता करना और मरीजों को गोपनीयता और नैतिकता के उच्चतम सम्मान के साथ जन-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की सुविधा प्राप्त करने में मदद करना है। इस तरह की संरचना को साधन प्रदान करने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया भर में लोगों को दी जाने वाली डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एक निश्चित मानक पूरा कर रहीं हैं; देशों की डिजिटल स्वास्थ्य यात्रा को समझने और साझा करने के लिए एक मंच बनाया जा रहा है तथा उनकी जरूरतों को इस तरह से उजागर किया जा रहा है कि एक देश दूसरे देश से सीख सकें और सभी के लिए स्वास्थ्य की इस यात्रा की दूरी कम की जा सके।

**कोविड-19 के दौरान, डिजिटल जनकल्याण उपायों के रूप में परिकल्पित को-विन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूर्ण रूप से गेम-चेंजर साबित हुए, जिसने एक अरब से अधिक लोगों तक, जिनमें सबसे कमजोर समुदाय भी शामिल थे, टीकों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के तरीके को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बना दिया।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा राम भक्त जामवंत जी की

**जामवंत** ने कहा प्रभु युद्ध मैं सबको लड़ने का अवसर मिला परंतु मुझे अपनी वीरता दिखाने का कोई भी अवसर नहीं मिला। मै युद्ध मे भाग नहीं ले सका और युद्ध करने की इच्छा मेरे मन में ही रह गई। उस समय भगवान ने जामवंत जी से कहा तुम्हारी यह इच्छा अवश्य पूर्ण होंगी जब मैं अगला अवतार धारण करूंगा फिर द्वापर युग तक जामवंत जी एक गुफा में तपस्या करते रहे। उस समय एक स्वयंमनतक मनी होती थी जिसे इंद्रदेव धारण करते थे। भगवान श्री कृष्ण को इस के लिए युद्ध करना पड़ा था। उन्होंने मनी के लिए नहीं बल्कि खुद पर लगे मनी चोर के आरोप को सिद्ध करने के लिए जामवंत से युद्ध किया था। बाद में जामवंत जब युद्ध में हारने लगे तब उन्होंने अपने प्रभु श्री राम को पुकारा और उनकी पुकार सुनकर श्री कृष्ण को अपने रामस्वरूप में आना पड़ा तब जामवंत जी ने समर्पण कर अपने भूल स्वीकारी और उन्होंने मनी भी दी और श्रीकृष्ण से निवेदन किया आप मेरी पुत्री जामवंती से विवाह करें। जामवंती और श्री कृष्णा के संयोग से महा प्रतापी पुत्र का जन्म हुआ इसका नाम शामब्र रखा गया। इस शामब्र के कारण ही श्री कृष्ण के कुल का नाश हो गया था गुजरात के पोरबंदर से 17 किलोमीटर दूर राजकोट पोरबंदर मार्ग पर एक गुफा पाई गई है जिसे जामवंत की गुफा कहा जाता है माना जाता है कि यह वही स्थान है जहां भगवान श्री कृष्ण और जामवंत के बीच में युद्ध हुआ था।

*(समाप्त)*

### आइये सुने कथा महान धनुर्धर एकलव्य की

बात उस समय की है, जब शिक्षा का रूप आज से बहुत अलग हुआ करता था। उस समय के विद्यालय गुरुकुल हुआ करते थे। विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए सब अपने गुरुके पास आश्रम में ही रहते थे।

*(क्रमशः)*

# प्लास्टिक कचरा के प्रति जागृत हो समाज


सुरेश हिन्दुस्तानी

**वर्तमान** में प्लास्टिक कचरा बढ़ने से जिस प्रकार से प्राकृतिक हवाओं में प्रदूषण बढ़ रहा है, वह मानव जीवन के लिए तो अहितकर है ही, साथ ही हमारे स्वच्छ पर्यावरण के लिए भी विपरीत स्थितियां पैदा कर रहा है। हालांकि इसके लिए समय-समय पर सरकार और सरकारी सहयोग लेकर चलने वाली गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा जागरण अभियान भी चलाये जा रहे हैं, परंतु परिणाम उस गति से मिलता दिखाई नहीं देता। ऐसे में प्रश्न यह आता है कि गैर सरकारी संस्थाओं की यह मुहिम अपेक्षित परिणाम क्यों नहीं दे पा रही है। जबकि कागजी प्रमाण इसकी सफलता बता रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत में कागजों में काम होने की बीमारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि प्लास्टिक मुक्ति का अभियान गैर सरकारी संस्थाओं ने बलि चढ़ा दिया। अगर प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ने की यही गति बरकरार रही तो एक दिन हमें शुद्ध हवा से वंचित होना पड़ सकता है। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्लास्टिक प्रदूषण की भयावहता का संकेत करते हुए देश से आह्वान किया है कि इसकी रोकथाम के लिए समाज को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री की चिंता वास्तव में समाज की भलाई के लिए है। हम प्रधानमंत्री के बयान की गंभीरता को समझें। नहीं तो आने वाला समय बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। कोई भी सरकारी योजना तभी सफल हो सकती है जब उसमें जनता की सकारात्मक भागीदारी होती है। कहा जाता है कि जिस देश की जनता अपने देश के प्रति जागरूक रहती है, वह देश और समाज लगातार प्रगति पथ पर गमन करता है। आम समाज सरकार की योजनाओं का ही ठीक तरीके से पालन कर ले, तो भी एक सुखद परिवर्तन का वातावरण बनने लगेगा। जो मानव समाज के लिए भी हितकर होगा। हम जानते हैं कि वर्तमान में प्लास्टिक के कारण हो रहे वायु प्रदूषण के चलते हमारे शरीर में कई प्रकार के विषैले कीटाणु प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहे हैं और नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। यह भी एक बड़ा सच है कि भारत में कई बीमारियां केवल गंदगी के कारण हो रही हैं, चाहे वह प्लास्टिक कचरे से उत्पन्न गंदगी हो या फिर इसके कारण जाम नालियों के गंदे पानी से प्रदूषण से पैदा होने वाली गंदगी हो। हम यह भी जानते हैं कि प्लास्टिक की पॉलीथिन में बहुत से लोग घर का कचरा भरकर बाहर फेंक रहे हैं, जिसे हमारी गौ माता खाती है और हम जाने-अनजाने में गौहत्या का पाप कर रहे हैं। इसके साथ ही बहुत बड़ा सच यह भी है कि प्लास्टिक पॉलीथिन और खाद्य सामग्री में उपयोग आने वाले प्लास्टिक के सामान रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल के कारण हमें जहर भरे खाना खाने के लिए विवश कर रहे हैं। इसके कारण हमारा स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है। हालांकि हमारे देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन क्या हम जानते हैं कि प्लास्टिक कचरा स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में बहुत बड़ा अवरोधक बनकर सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना अपने भारत देश को साफ सुथरा रखने का एक अभिनव प्रयास है। प्लास्टिक कचरे से मुक्ति पाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। हालांकि कई स्थानों पर इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध भी लगा है और व्यक्ति भी इस प्रतिबंध का पालन गंभीरता से कर रहे हैं। यहां तक कि कई विवाह समारोह और अन्य कार्यक्रमों में भी अब प्लास्टिक से निर्मित सामग्री और खाद्य पदार्थों के लिए उपयोग में लाई जाने वाली डिस्पोजल वस्तुओं पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। सरकार का यह कदम सभी राज्य और जनता के लिए एक पाथेय है। प्लास्टिक कचरे के बारे में यह सबसे बड़ा सच है कि यह वास्तव में आयातित कचरा है।


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना अपने भारत देश को साफ सुथरा रखने का एक अभिनव प्रयास है। प्लास्टिक कचरे से मुक्ति पाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाया है।**

प्रदूषण

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# चीन सुधरेगा नहीं, चौकन्ना रहना होगा


ललित गर्ग

**चीन** अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। ब्रिक्स समिट में जगी भारत-चीन के सामान्य संबंधों की आस आकार लेने से पहले ही धूमिल हो गयी है। नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत-चीन के संबंधों में सामंजस्य बैठाने के प्रयास चीन के नापाक इरादों से जटिल ही बने रहने वाले हैं। चीन की ओर से जारी किये गये ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाय, वह सुधरने वाला नहीं है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नये विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। इससे पहले भी शातिर और चालबाज चीन ने अप्रेल में जारी अपने नक्शे में पहले चुपके से अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिये थे, जिसकी भारत ने निंदा की थी। अब दक्षिणी हिंद महासागर में 19 स्थानों के नाम बदले हैं। चीन की तरफ से दक्षिण हिंद महासागर में 19 तलों के नाम बदलने की हिमाकत की गई है, वे भारतीय प्रायद्वीप से करीब 2000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी मीडिया ने इसे बीजिंग का 'सॉफ्ट पॉव्र' प्रोजेक्शन कहा है। चीन की ओर से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर के इलाके में भारतीय प्रभाव पर सीधा दखल है। एक महीने के भीतर शी जिनपिंग की भारत की संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ की यह दूसरी हिमाकत है। इसे चीन के विस्तारवादी रवैये और हिंद क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखल के रूप में देखा जा रहा है। पिछले पांच साल में चीन नाम बदलने का यह दुस्साहस तीन बार कर चुका है। इस साल अप्रेल से पहले उसने 2021 में 15 और 2017 में छह जगहों के नाम बदले थे। हालांकि तब भी भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए नए नामों को सिरे से खारिज कर दिया था। चीन का यह नया नक्शा ब्रिक्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद एवं नई दिल्ली में अगले माह की शुरूआत में ही होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सामने आया है। समूची दुनिया चीन के विस्तारवादी रवैये और दूसरे देशों की जमीन को कब्जाने की नीयत को अच्छी तरह देखती और समझती है। चीन भरोसे करने के काबिल न पूर्व में रहा है और न भविष्य में होने की संभावनाएं हैं। भारत के मामले में चीन का रवैया सदैव शत्रुतापूर्ण एवं उसके क्षेत्रों पर अनाधिकृत कब्जाने का ही रहा है। चीन की पिछली हरकतों से भी यह साफ हो गया है कि चीन कभी भी भारत से मित्रवत संबंध बनाने के प्रयासों का साथ देने वाला नहीं है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। चीन ने विस्तारवादी नीतियों के तहत जैसी गतिविधियां चला रखी हैं उनसे भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। राजनीतिक रूप से हमारे यहां विभिन्न दल भले ही एक-दूसरे के विरोधी हों, पर चीन को लेकर भारत से उठने वाली आवाज एक ही होनी चाहिए।

**चीन की ओर से जारी किये गये ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है।**

चीन

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इस विधि और मंत्रों से करें भगवान सूर्य की उपासना

भगवान सूर्य की नित्य त्रिकाल उपासना करनी चाहिए। सूर्य की उपासना करने वाला परमात्मा की ही उपासना करता है। सूर्य की उपासना से लंबी आयु का वरदान भी हासिल किया जा सकता है। वैदिक सूक्तों, पुराणों तथा आगम आदि ग्रंथों में भगवान सूर्य की नित्य आराधना का निर्देश है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह जीवन में सूर्य की तरह चमकता रहे और दुनिया उसे सलाम करती रहे। जिन पर भगवान सूर्य की कृपा हो जाती है उनकी यह इच्छा पूरी भी होती है। यदि आप भी चाहें तो भगवान सूर्य नारायण को प्रसन्न कर अपने जीवन में चमक ला सकते हैं। इसके लिए आपको सही विधि विधान से भगवान सूर्य का पूजन करने की जरूरत है। रविवार भगवान सूर्य का दिवस भी होता है इसलिए यदि इस दिन से पूजन प्रारंभ करेंगे तो इच्छित फल अवश्य ही प्राप्त होगा।

## सूर्योपासना विधि

भगवान सूर्य की नित्य त्रिकाल उपासना करनी चाहिए। सूर्य की उपासना करने वाला परमात्मा की ही उपासना करता है। सूर्य की उपासना से लंबी आयु का वरदान भी हासिल किया जा सकता है। वैदिक सूक्तों, पुराणों तथा आगम आदि ग्रंथों में भगवान सूर्य की नित्य आराधना का निर्देश है। इनके साथ सभी ग्रह, नक्षत्रों की आराधना भी अंगोपासना के रूप में आवश्यक होती है।

## सूर्य उपासना मंत्र

महादधि, श्रीविद्यार्णव आदि कई ग्रंथों को देखने से उनके जपनीय मंत्र मुख्य रूप से दो प्रकार के मिलते हैं। प्रथम मंत्र है- ओम घृणि सूर्य आदित्य ओम' तथा द्वितीय मंत्र है- ओम ह्रीं घृणि सूर्य आदित्यः श्रीं ह्रीं मह्यं लक्ष्मीं प्रयच्छ'। इस मंत्र का मूल तैत्तिरीय शाखा के नारायण-उपनिषद में प्राप्त है, जिस पर विद्यारण्य तथा सायणाचार्य- दोनों के भाष्य प्राप्त हैं। इनकी उपासना में इनकी 9 पीठ शक्तियों- दीप्ता, सूक्ष्मा, जया, भद्रा, विभूति, विमला, अमोघा, विद्युता एवं सर्वतोमुखी की भी पूजा की जाती है।

## भगवान सूर्य की विशेषताएं

भगवान सूर्य का वर्ण लाल है। इनका वाहन रथ है। इनके रथ में एक ही चक्र है, जो संवत्सर कहलाता है। इस रथ में मासस्वरूप बारह अरे हैं, ऋतुरूप छह नेमियां और तीन चौमासे रूप तीन नाभियां हैं। इनके साथ साठ हजार बालखिलय स्वस्तिवाचन और स्तुति करते हुए चलते हैं। ऋषि, गन्धर्व, अप्सरा, नाग, यक्ष, राक्षस और देवता सूर्य नारायण की उपासना करते हुए चलते हैं। चक्र, शक्ति, पाश और अंकुश इनके मुख्य अस्त्र हैं।
भगवान सूर्य सिंह राशि के स्वामी हैं। इनकी महादशा छह वर्ष की होती है। सूर्य की प्रसन्नता और शान्ति के लिए नित्य सूर्यार्घ्य देना चाहिए और हरिवंशपुराण का श्रवण करना चाहिए। माणिक्य धारण करना चाहिए तथा गेहूं, सवत्सा गाय, गुड़, तांबा, सोना एवं लाल वस्त्र ब्राह्मण को दान करना चाहिए। सूर्य की शान्ति के लिए वैदिक मंत्र- 'ओम आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन।' का जाप करना चाहिए।



भगवान श्री सूर्य समस्त जीव-जगत के आत्मस्वरूप हैं। वह अखिल सृष्टि के आदि कारण हैं। इन्हीं से सब की उत्पत्ति हुई है। वेदों में सूर्य को जगत की आत्मा कहा गया है। सूर्य से ही इस पृथ्वी पर जीवन है। श्रीमद्भागवत पुराण में कहा गया है- भूलोक तथा द्युलोक के मध्य में अन्तरिक्ष लोक है। इस द्युलोक में सूर्य भगवान नक्षत्र तारों के मध्य में विराजमान रह कर तीनों लोकों को प्रकाशित करते हैं।
सूर्यदेव की दो भुजाएं हैं, वे कमल के आसन पर विराजमान रहते हैं, उनके दोनों हाथों में कमल सुशोभित हैं। उनके सिर पर सुंदर स्वर्ण मुकुट तथा गले में रत्नों की माला है। उनकी कान्ति कमल के भीतरी भाग की सी है और वे सात घोड़ों के रथ पर आरुढ़ रहते हैं। सूर्य देवता का एक नाम सविता भी है, जिसका अर्थ है- सृष्टि करने वाला। ऋग्वेद के अनुसार, आदित्य मण्डल के अन्तः स्थित सूर्य देवता सबके प्रेरक, अन्तयार्मी तथा परमात्मस्वरूप हैं। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार सूर्य ब्रह्म स्वरूप हैं, सूर्य से जगत उत्पन्न होता है और उन्हीं में स्थित है। यही भगवान भास्कर ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र बनकर जगत का सजृन, पालन और संहार करते हैं। सूर्य नवग्रहों में सर्वप्रमुख देवता हैं।

## सूर्यदेव के संबंध में पौराणिक कथाएं

जब ब्रह्मा अण्ड का भेदन कर उत्पन्न हुए, तब उनके मुख से 'ओम' यह महाशब्द उच्चारित हुआ। यह ओंकार परब्रह्म है और यही भगवान सूर्यदेव का शरीर है। ब्रह्मा के चारों मुखों से चार वेद आविर्भूत हुए, जो तेजी से उदीप्त हो रहे थे। ओंकार के तेज ने इन चारों को आवृत कर लिया। इस तरह ओंकार के तेज से मिलकर चारों एकीभूत हो गये। यही वैदिक तेजोमय ओंकार स्वरूप सूर्य देवता हैं। यह सूर्य स्वरूप तेज सृष्टि के सबसे आदि में पहले प्रकट हुआ, इसलिए इसका नाम आदित्य पड़ा।
एक बार दैत्यों, दानवों एवं राक्षसों ने संगठित होकर देवताओं के विरुद्ध युद्ध ठान दिया और देवताओं को पराजित कर उनके अधिकारों को छीन लिया। देवमाता अदिति इस विपत्ति से त्राण पाने के लिए भगवान सूर्य की उपासना करने लगीं। भगवान सूर्य ने प्रसन्न होकर अदिति के गर्भ से अवतार लिया और देव शत्रुओं को पराजित कर सनातन वेदमार्ग की स्थापना की। इसलिए भी वे आदित्य कहे जाने लगे।
पौराणिक ग्रंथों में यह भी उल्लेख मिलता है कि सूर्य की आराधना से महाराज राज्यवर्धन को दीर्घ आयु की प्राप्ति हुई थी। भगवान श्रीराम के पूर्वज सूर्यवंशी राजा दम के पुत्र महाराज राज्यवर्धन बड़े विख्यात नरेश हुए हैं। वे अत्यन्त सजगता से धर्मपूर्वक अपने राज्य का शासन करते थे। उनके राज्य में सभी लोग सुखी एवं प्रसन्न थे। प्रजा धर्म के अनुसार रहकर ही विषयों का उपभोग करती थी। दीनों को दान दिया जाता था एवं यज्ञों का आयोजन होता रहता था।

❖ शुभा दुबे

# बच्चों में डेंगू के लक्षणों को न करें अनदेखा

डेंगू का बुखार एजिप्टी एडीज नामक मच्छर के काटने से होता है। हालांकि बच्चे में डेंगू के लक्षण पेरेंट्स जल्दी पहचान नहीं पाते हैं। बच्चों में डेंगू के लक्षणों पर ध्यान न देना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कुछ गलतियां होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। बारिश के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियां की संभावना अधिक बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से फैलती हैं। बच्चों में इन बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। बता दें कि डेंगू का बुखार एजिप्टी एडीज नामक मच्छर के काटने से होता है। हालांकि बच्चे में डेंगू के लक्षण पेरेंट्स जल्दी पहचान नहीं पाते हैं। इस संक्रमण में सबसे पहले बुखार आता है। फिर धीरे-धीर परेशानियां बढ़ने लगती है। डेंगू संक्रमण के लक्षण 3-4 दिन बाद गंभीर होने लगते हैं। बच्चों में डेंगू के लक्षणों पर ध्यान न देना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कुछ गलतियां होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है।
हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। जिसकी वजह से उनका संक्रमण की चपेट में आने का खतरा अधिर रहता है। ऐसे में अगर बच्चों में डेंगू के लक्षणों की पहचान शुरूआती दिनों में करने और समय पर सही इलाज मिलने पर यह संक्रमण जानलेवा नहीं होता है। लेकिन ज्यादातर पेरेंट्स सही समय पर बच्चों में डेंगू के लक्षणों को पहचान नहीं पाते हैं। शुरूआत में ही देखभाल करने से इसका खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इस बीमारी में मरीज की प्लेटलेट्स तेजी से कम होने लगती हैं।

## डेंगू के लक्षण

आमतौर पर डेंगू के बुखार में फ्लू जैसे लक्षण नजर आते हैं। डेंगू संक्रमण होने पर मांसपेशियों और शरीर में दर्द होता है। वहीं बच्चे इस परेशानी को सही से व्यक्त नहीं कर पाते हैं और पेरेंट्स इन्हें सामान्य फ्लू समझ लेते हैं। ऐसी करना बच्चे की सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए डेंगू के इन लक्षणों के दिखते ही फौरन जांच करवानी चाहिए।
नाक और मसूड़ों से खून आना
शरीर में दर्द और मांसपेशियों में कमजोरी
तेज बुखार और शरीर का तापमान बढ़ना
उल्टी और दस्त की समस्या
भूख में कमी और खराब पाचन
बच्चों में चिड़चिड़ापन
शरीर पर चकत्ते और दाने



तेजी से सांस लेना
आमतौर पर डेंगू का बुखार बच्चों में तीन स्टेज में होता है। पहले स्टेज में मरीज को हल्के बुखार के साथ थकान की समस्या होती है। पहले चरण में 2-7 दिन के लिए बुखार रहता है। इस चरण में बच्चे को थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द और बुखार की समस्या होती है। वहीं दूसरे चरण में बच्चे को मतली के साथ उल्टी और प्लेटलेट्स काउंट में कमी आने लगती है। तीसरे चरण में पहुंचने पर डेंगू से संक्रमित मरीज को ब्लीडिंग हो सकती है।

## बचाव टिप्स

बच्चों को डेंगू की चपेट में आने से बचाने के लिए अभिभावकों को कुछ सावधानियों का ध्यान रखना होता है। इसके लिए ध्यान रखें कि बच्चों को मच्छरों के काटने से बचाने का प्रयास करें। वहीं संक्रमण के लक्षणों को पहचानकर समय से इलाज लेने से इसका खतरा कई गुना तक कम किया जा सकता है। घर से बाहर निकलने के दौरान बच्चे को फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं। इसके अलावा आसपास की जगहों पर साफ-सफाई बनाए रहें और पानी जमा न होने दें। सही समय पर लक्षणों को पहचानकर इलाज देना सबसे बड़ा बचाव है।

❖ अनन्या मिश्रा

# महिलाओं को क्यों होती है लिवर संबंधी समस्या

आजकल लिवर संबंधी बीमारियां काफी बढ़ गई हैं। गलत खान-पान, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, अनुवांशिक कारण, अल्कोहल का सेवन करने से लिवर डिजीज की संभावना अधिक होती है।
आजकल लिवर संबंधी बीमारियां काफी बढ़ गई हैं। गलत खान-पान, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, अनुवांशिक कारण, अल्कोहल का सेवन और तनाव आदि के कारण लिवर की बीमारियां होती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में लिवर डिजीज का खतरा अधिक होता है। वहीं महिलाओं में ऑटो-इम्यून डिजीज लिवर इंफ्लेमेशन और हेपेटाइटिस होने की संभावना अधिक रहती है। वहीं इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिसके चलते महिलाओं को लिवर से जुड़ी बीमारी का खतरा रहता है।



**फैटी लिवर डिजीज :** बता दें कि महिलाओं में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज का खतरा काफी हद तक हम होता है। लेकिन अगर महिलाएं इसकी शिकार हो जाती हैं, तो उसके गंभीर रुप या पुरुषों के मुकाबले ज्यादा लिवर फ्राइब्रोसिस होने के चांसेज होते हैं। अनहेल्दी लाइफस्टाइल, मोटापा और इस स्थिति को गंभीरता से न लेना महिलाओं की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। हालांकि पुरुषों में भी इसका खतरा कम नहीं होता है। वहीं अल्कोहॉलिक फैटी लिवर का खतरा पुरुषों में अधिक होता है। अल्कोहल मेटाबॉलिज्म और बॉडी कम्पोजिशन में अंतर होने के कारण महिलाएं इसका ज्यादा शिकार होती हैं।

**ऑटोइम्यून और वायरल हेपेटाइटिस :** महिलाओं में वायरल हेपेटाइटिस और ऑटो इम्यून का खतरा अधिक रहता है। ऑटोइम्यून हेपिटाइटिस एक ऐसी क्रॉनिक कंडीशन है, जिसमें हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से लिवर सेल्स पर अटैक करता है। इसके कारण इंफ्लेमेशन और लिवर डैमेज का खतरा होता है। हेपेटाइटिस वायरस लिवर से जुड़ी बीमारियों और लिवर इंफ्लेमेशन की वजह बन सकता है। यह वायरस न सिर्फ महिलाओं बल्कि पुरुषों को भी प्रभावित कर सकता है। लेकिन कुछ रिसर्च के मुताबिक महिलाओं में हेपेटाइटिस ई का खतरा अधिक रहता है।

**दवाईयों का लिवर पर असर :** लिवर डैमेज का अन्य कारण कई दवाईयां और टॉक्सिन्स भी बन सकते हैं। क्योंकि महिलाएं हार्मोनल इंबेलेंस की वजह से इसका ज्यादा शिकार बनती हैं। वहीं लिवर फंक्शन पर गर्भ निरोधक गोलियां बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। अन्य दवाइयों के कारण भी लिवर संबंधी समस्या हो सकती है।

**प्रेग्नेंसी से जुड़ी लिवर कंडीशन्स :** महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान लिवर कंडीशन जैसे 'एचईएलपी सिंड्रोम' या 'इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेग्नेंसी' परेशान कर सकती है। इस स्थिति में लिवर डैमेज हो जाता है और फौरन इलाज की जरूरत होता है। इसके साथ ही 'प्राइमरी बिलियरी सिरोसिस' और 'विल्सन डिजीज' जैसी कई बीमारियों का खतरा महिलाओं को अधिक रहता है।

**ऐसे करें बचाव :** लिवर संबंधी बीमारियों से अपने बचाव के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज, डाइट पर ध्यान और पूरी नींद लेना बहुत जरूरी है। क्योंकि फैटी लिवर के लक्षणों को गंभीर रुप लेने में अधिक समय नहीं लगता है। इसलिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का खास ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को अपनी डाइट में फाइबर और प्रोटीन आदि को शामिल करना चाहिए। हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने से स्ट्रेस लेवल मैनेज होता है।

## सूडोकु नवताल- 6808

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6807 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## दैनिक पंचांग

31 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.59 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | तुला | 09.10 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.24 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.40 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.45 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.05 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.35 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 22.15 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मिथुन | 00.13 बजे से |
| | | कर्क | 02.27 बजे से |
| | | सिंह | 04.43 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 243 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पूर्णिमा 07.06 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 03.19 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 17.45 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 17.16 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.06 बजे, बालव 17.11 बजे तदनन्तर कौलव 03.19 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 49' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871722 **जूलियन दिन** 2460187.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 14 **विशेष** नारली पूर्णिमा, श्रावण पूर्णिमा व्रत, संस्कृत दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7870



**बाएँ से दाएँ**
1. लाचार, बेबस-3
3. प्राण, जान-3
5. दुर्ग, फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात, मुआवजा-3
12. कंठ, गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज, कपटी-3
17. माजरा, घटना-3
19. कहासुनी, झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना, लगाना-3
25. वादा, प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**
1. लता, लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर, अप्सरा-3
4. आकाश, व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य, उपयुक्त-3
8. अदाकार, फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह, मास-3
16. जांघ, जंघा-2
18. धिक्कार, फटकार-3
19. मामूली, तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश, आभास-2

### शब्द पहेली -7869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | क | म |
| ग | ■ | क | ना | त | ■ | र | च | ना |
| ■ | क | ल | ह | ■ | ग | ह | रा | ■ |
| श | र | म | ■ | ह | र | म | ■ | स |
| री | म | ■ | आ | रा | म | ■ | क | म |
| फ | ■ | शी | स | म | ■ | न | ह | र |
| ■ | क | त | रा | ■ | अ | म | र | ■ |
| बा | द | ल | ■ | ग | ज | न | ■ | त |
| ज | र | ■ | ज | ह | र | ■ | द | बा |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष राशि** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन राशि** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह राशि** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या राशि** : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**तुला राशि** : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक राशि** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु राशि** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मकर राशि** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**मीन राशि** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर अब तक 8 लाख सहकारी समितियों का डेटा दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने कहा है कि डेटाबेस बनाने से सहकारिता की बुनियाद मजबूत होगी। इस दिशा में मंत्रालय तेजी से काम कर रहा है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर अब तक 08 लाख सहकारी समितियों का डेटा दर्ज किया जा चुका है। मंत्रालय ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि मंत्रालय चरणबद्ध तरीके से एक व्यापक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित कर रहा है। अब तक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर लगभग 08 लाख सहकारी समितियों का डेटा दर्ज किया जा चुका है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में सहकारिता की भागीदारी का आकलन होगा। डेटाबेस बनने से सहकारिता की संरचना मजबूत होगी और सहकारिता का मूल आधार तय होने के साथ-साथ अधिक रोजगार का सृजन होगा।

### भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में कार्यरत वैज्ञानिक ने की आत्महत्या

**मुंबई।** मुंबई के ट्रॉम्बे स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में कार्यरत एक वैज्ञानिक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। वैज्ञानिक की पहचान मनीष सोमनाथ शर्मा (50) के रूप में की गई है। ट्रांबे पुलिस स्टेशन की टीम ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें सिर्फ 'सॉरी बेटा' लिखा है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है।

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की ब्रांड एंबेसडर बनीं मैथिली ठाकुर

**नई दिल्ली।** लोक गायिका मैथिली ठाकुर को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी निदेशक राजेंद्र रत्नू ने बुधवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मैथिली ठाकुर के नाम की घोषणा की। राजेंद्र रत्नू ने कहा कि मैथिली ठाकुर अब देश भर में लोगों को आपदा के प्रति जागरूक करेंगी। उन्होंने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। एक गायिका के रूप में उनकी ख्याति पूरे देश में है। वह लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद मैथिली ठाकुर ने कहा कि वह आपदा के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी।

### बांदा में केन नदी में चार बच्चों की डूबने से मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के पैलानी क्षेत्र में पांच बच्चे नदी में डूब गए। जिसमें चार की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश की।
अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया, थाना पैलानी अंतर्गत ग्राम गुरगवा मजरा सिंधन पुरवा में बुधवार सुबह लगभग 9 बजे सूचना मिली कि 5 बच्चे नदी में डूब गए हैं। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को निकला।

### बंगाल के नदिया में टीएमसी कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के धापरिया इलाके में बुधवार को सत्तारूढ़ पार्टी के दो गुटों के बीच कथित तौर पर हुई झड़प में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सफेज्जल दफादार के रूप में हुई है। दफादार की रिश्तेदार गुलमिश बीबी ने दावा किया कि उनका परिवार तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा था।

---

### विशेषाधिकार समिति का आम राय से प्रस्ताव

# अधिर रंजन का निलंबन वापस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन पर लगे आरोपों से उन्हें बरी कर दिया है। समिति ने अपनी सिफारिश में अधीर रंजन के निलंबन को वापस लेने की मंजूरी प्रदान की है। यह समिति अपनी सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को देगी। इसके बाद ओम बिरला समिति की सिफारिश को स्वीकार करते हुए अधीर रंजन का निलंबन समाप्त करने की घोषणा करेंगे।

इससे पहले विशेषाधिकार समिति की बैठक में यह तय हुआ था कि अधीर रंजन को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। इसी बाबत आज की बैठक में अधीर रंजन ने विशेषाधिकार



समिति के सामने अपनी बात रखी। इसमें उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावना को आहत करने का नहीं था। विशेषाधिकार समिति ने अधीर रंजन की बातों पर विश्वास करते हुए निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव पारित किया। अब यह प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष को भेजा जाएगा।

विशेषाधिकार समिति की पिछली बैठक में ही अधीर रंजन के खिलाफ मामले को खत्म करने पर लगभग सहमति बन चुकी थी लेकिन लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपे जाने से इसकी रिपोर्ट बनानी जरूरी थी। इसलिए अधीर रंजन को विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होकर उनके विचार को जानना जरूरी हो गया था। ताकि विस्तृत रिपोर्ट में सारी बातें लिखी जा सकें।

पिछली बैठक में समिति के एक सदस्य ने यह बात रखी थी कि सत्र समाप्त हो जाने के बाद निलंबन का मामला स्वतः खत्म हो जाता है। उन्होंने समिति को इसके लिए ओडिशा विधानसभा में हुए निलंबन और हाईकोर्ट के फैसले का उदाहरण भी दिया था। इसी बैठक में सभी सदस्यों का यह मानना था कि मामला लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भेजा गया है, इसलिए एक बार अधीर रंजन को भी बुलाया जाना चाहिए। ताकि पूरी रिपोर्ट बना कर लोकसभा अध्यक्ष के सामने भेजी जा सके और आगे की कार्रवाई लोकसभा अध्यक्ष करें।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न हुए संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था।

---

## भारत और चीन सीमा विवाद पर झूठ बोलती है सरकार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज कहा कि भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर मोदी सरकार झूठ बोलती है। राहुल गांधी बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि चीन ने हमारी सीमा में अतिक्रमण किया है। यह बात पूरा लद्दाख जानता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि लद्दाख में एक इंच भी जमीन नहीं गई है। यह झूठ है। पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने अतिक्रमण किया है। राहुल ने कहा कि चीन ने जो मानचित्र जारी किया है, वह गंभीर मामला है। इस पर प्रधानमंत्री को कुछ बोलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चीन ने हाल ही में अपना नक्शा जारी किया है, जिसमें वह अरुणाचल और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बता रहा है।

---

# बसपा अकेले लड़ेगी सभी चुनाव : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**



मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक से एक दिन पहले बुधवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बसपा विधानसभा और लोकसभा के आगामी सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। मायावती ने ट्विटर पर लिखा, एनडीए और आईएनडीआईए गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक एवं पूंजीवादी नीतियों के समर्थक हैं। इन नीतियों के विरुद्ध बसपा अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने मीडिया से अपील की कि इस संदर्भ में कृपया गलत खबरें न चलाएं।

उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेता जोरशोर से यह दावा कर रहे थे कि मुंबई बैठक में चार नए दल भी शामिल होंगे। उनके इस दावे से यह कयास लगाए जा रहे थे कि इन चार दलों में एक बसपा भी होगी। हालांकि अब मायावती के बयान से यह साफ हो गया है कि बसपा इस गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी।

---

# फूड-फैक्टरी में जहरीली गैस से पांच मजदूरों की मौत, मृतकों में 3 सगे भाई

### मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने हादसे पर व्यक्त किया दुख

**एजेंसी। मुरैना**

मध्य प्रदेश के मुरैना जिलान्तर्गत नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनेला स्थित साक्षी फूड प्रोडक्ट्स फैक्टरी में बुधवार सुबह जहरीली गैस से पांच मजदूरों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और फैक्टरी को खाली कराकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर कुछ मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में तीन सगे भाई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार, जडेरुआ औद्यागिक क्षेत्र के ग्राम धनेला स्थित साक्षी नामक फैक्टरी में चेरी, गुलकंद और दूसरे फूड प्रोडक्ट्स बनाए जाते हैं। यहां टैंक में पपीते डालकर चेरी बनाई जाती है। बुधवार को सुबह फैक्टरी में काम चल रहा था। यहां पर काम कर रहे पांच मजदूर अचानक फैक्टरी में केमिकल से भरे टैंक में गिर गए।

जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद फैक्टरी को बंद कर दिया गया और पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुरैना जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर अंकित अस्थाना और पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र चौहान भी मौके पर पहुंच गए। एसपी शैलेन्द्र चौहान ने पांच मजदूरों की मृत्यु की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय रामौतार पुत्र रामकिशन गुर्जर, 40 वर्षीय रामनरेश पुत्र रामकिशन, 30 वर्षीय वीर सिंह पुत्र रामकिशन तीनों निवासी ग्राम टिकटोली, 40 वर्षीय गणेश पुत्र बद्री गुर्जर और 28 वर्षीय गिर्राज पुत्र मुन्नी सिंह दोनों निवासी ग्राम घुरैया वसई निवासी के रूप में हुई है। पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं और मामले की जांच की जा रही है। एएसपी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि मजदूर टैंक की सफाई करने के लिए उतरे थे। संभवतः टैंक में जहरीली गैस थी। हालांकि इसकी असलियत तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्ट हो पाएगी।

---

## हरक सिंह के ठिकानों पर विजलेंस की दो टीमों ने की छापेमारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता हरक सिंह रावत के ठिकानों पर बुधवार को विजिलेंस की दो टीम ने छापेमारी की। विजिलेंस की छापेमारी जिम कॉर्बेट में हुए घोटाले के मामले में हुई है। टीम ने देहरादून में हरक सिंह रावत के बेटे के मेडिकल कॉलेज और पेट्रोल पंप पर भी छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान टीम को कई अहम दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। इस पूरे मामले में सियासत भी गरमा गई है। इस समय विजिलेंस टीम कॉलेज के अंदर है और मीडिया कर्मियों को अंदर जाने की मनाही है। गेट के दरवाजे बंद रखे गए हैं। आपको बता दें कि हरक सिंह के बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल होने के बाद से ही दावे हो रहे थे कि उन तक भी जांच की आंच पहुंचेगी।

---

# सिद्धारमैया सरकार ने 100 दिनों में किये पांच चुनावी वादे पूरे

**आरएनएम। नई दिल्ली**

कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने मात्र 100 दिनों में ही अपने किये 5 चुनावी वादे पूरा करते हुए बुधवार 30 अगस्त को मैसूर में गृह लक्ष्मी योजना की शुरू कर दी। इसे शुरू करने के समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी उपस्थित थे। इस योजना के तहत सरकार एपीएल, बीपीएल कार्ड रखने वाले 1.1 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता मुहैया कराएगी। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह यह योजना कर्नाटक की महिलाओं के लिए है, जो इस प्रदेश की शक्ति है। कर्नाटक सरकार ने 100 दिन में अपने वादे पूरे कर दिए हैं।



#### इसके लिए जरूरी दस्तावेज

- बीपीएल कार्ड / एपीएल कार्ड / अंत्योदय कार्ड
- बैंक से लिंक आधार कार्ड
- बैंक विवरण
- आधार से जुड़ा फोन नंबर

गृह लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से किया जा सकता है।

#### गृह लक्ष्मी योजना क्या है?

**कर्नाटक** सरकार ने एफवाई-23 में गृह लक्ष्मी कार्यक्रम के लिए रू.17,500 करोड़ निर्धारित किए हैं। गृह लक्ष्मी योजना कांग्रेस की चुनाव से पहले किए गए पांच वादों में से एक वादा है। कांग्रेस ने चुनाव अभियान के दौरान जो पांच वादे किए थे उनमें से से तीन शक्ति, गृह ज्योति और अन्न भाग्य को लागू कर दिया है और गृह लक्ष्मी चौथी योजना है। पांचवी है युवा निधि योजना जो राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करती है, राहुल गांधी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि सभी योजनाएं पूरी तरह से लागू कर कांग्रेस ने अपने वादे निभाए हैं। इस योजना के तहत परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपए का मासिक भत्ता मिलेगा। बीपीएल,एपीएल व राशन कार्ड पर महिलाएं इस योजना का फायदा उठा सकती हैं। योजना के तहत वह महिलाएं पात्र नहीं होंगी जो महिला सरकारी कर्मचारी हैं, टैक्स देती हैं, वे परिवार जिनके पति आयकर देते हैं या जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हैं।

---

# रोहतास में सड़क दुर्घटना में 7 की मौत, पांच घायल

**एजेंसी। पटना**

बिहार में रोहतास जिले के शिवसागर में एनएच-2 के पास बुधवार सुबह करीब तीन बजे सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक ये सभी लोग स्कार्पियो में रांची से अपने पैतृक गांव लौट रहे थे। शिवसागर थानांतर्गत पखनारी एनएच-2 के समीप स्कॉर्पियो और कंटेनर की सीधी टक्कर हो गयी। जिसमें स्कार्पियो सवार 7 लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतकों में सभी एक ही परिवार और नाते-रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। स्कॉर्पियो पर कुल 12 लोग थे जिसमें महिला-पुरुष और बच्चे शामिल थे। सभी कैमूर जिला के सबार थाना के कुड़ारी गांव लौट रहे थे। मृतकों में तारा कुमारी, चांदनी कुमारी, अरविंद शर्मा, राजमती देवी, आदित्य कुमार, रिया कुमारी तथा सोनी कुमारी शामिल है। मृतकों में तीन किशोरी, दो महिला, एक पुरुष, एक किशोर शामिल है। घायलों में रवि नंदन प्रियदर्शी, रितु शर्मा, सुदेश्वर शर्मा, दिव्या कुमारी तथा उपेंद्र शर्मा शामिल है। पांच घायलों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल सासाराम से हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

---

# पीएम ने स्कूली बच्चियों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने बुधवार को विभिन्न आयु वर्ग की स्कूली लड़कियों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। प्रधानमंत्री ने छात्राओं से बातचीत भी की। बुधवार की सुबह, मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर देश को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी, मेरे परिवार के सभी सदस्यों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित यह शुभ त्योहार हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है।"उन्होंने कहा, "मैं कामना करता हूं कि यह त्योहार हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और गहरा करे।"

---

### रणनीति इंडिया गठबंधन की बैठक मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होगी

# लोगो भी हो सकता है जारी



**आरएनएम। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की मुंबई में हो रही तीसरी बैठक पर बहुतों की निगाहें लगी हुई हैं। ग्रैंड हयात होटल, सांताक्रूज में हो रही इस बैठक में गठबंधन का लोगो भी जारी किया जा सकता है। जो माइनस अशोक चक्र, तीन पट्टी वाला तिरंगा या उससे मिलता जुलता कुछ हो सकता है। 31 अगस्त व 1 सितंबर को होने वाली बैठक के लिए गठबंधन दलों के नेता मुंबई पहुंचने लगे हैं। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित 26 दलों के नेता शामिल होंगे। इस बैठक में 5 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। गठबंधन में शामिल होने के लिए अकाली दल को भी न्योता भेजा गया है। 1 सितंबर, दोपहर 3.30 बजे- इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगा।

#### बैठक के लिए जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसके अनुसार

- 30 अगस्त, शाम 4 बजे- महा विकास अघाड़ी की प्रेस कॉन्फ्रेंस
- 31 अगस्त, शाम 6 बजे- प्रतिनिधियों का स्वागत
- 31 अगस्त, शाम 6.30 बजे- अनौपचारिक बैठक
- 31 अगस्त, रात 8 बजे- उद्धव ठाकरे की मेजबानी में डिनर
- 1 सितंबर, सुबह 10.15 बजे- ग्रुप फोटो सेशन
- 1 सितंबर, सुबह 10.30-दोपहर 2 बजे तक- लोगो का अनावरण व इंडिया गठबंधन की बैठक
- 1 सितंबर, दोपहर 2 बजे- एमपीसीसी और एमआरसीसी की तरफ से लंच

---




## हर भारतीय परिवार 'ग्रेट इंडियन फैमिली' के खिताब के योग्य है : विक्की कौशल

**बॉलीवुड** स्टार विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' की रिलीज के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि भारत की पारिवारिक संस्कृति ऐसी है कि हर परिवार 'ग्रेट इंडियन फैमिली' के खिताब के योग्य है। बुधवार को फिल्म के गाने के लॉन्च इवेंट में एक्टर ने पहले फिल्म के गाने 'कन्हैया ट्विटर पे आजा' पर परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने कहा, ?हर परिवार 'ग्रेट इंडियन फैमिली' के खिताब के योग्य है। हमारी पारिवारिक संस्कृति भारत को अनोखा बनाती है।" इसके बाद उन्होंने भारतीय परिवारों की गतिशीलता के बारे में बात की। एक्टर ने एक निजी किस्सा साझा किया, "सभी रिश्तेदार हमारे करीब हैं, बस इसी वजह से हम उन्हें 'दूर की मौसी' कहते हैं, कोई भी 'दूर का' नहीं है। भारतीय पारिवारिक संस्कृति में परिवार के सभी लोग एक-दूसरे के करीब होते हैं।




## फिर प्यार में पड़ी रिया चक्रवर्ती



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया काफी समय तक सुर्खियों में रहीं। रिया और सुशांत काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। सुशांत की मौत के बाद रिया को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब रिया अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं और प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ पर भी फोकस कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रिया चक्रवर्ती बिजनेसमैन निखिल कामत को डेट कर रही हैं। निखिल जेरोधा कंपनी के संस्थापक हैं। यह एक वित्तीय सेवा कंपनी है, जो लोगों को शेयर बाजार में शेयरों और म्यूचुअल फंड में व्यापार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

## वन वुमेन मैन कॉन्सेप्ट वाली हैं सुहाना खान

**सुहाना खान** "द आर्चीज" से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। फिल्म का निर्माण जोया अख्तर ने किया है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें कई स्टारकिड्स नजर आएंगे। सुहाना वेरोनिका लॉज के किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म कॉमिक बुक "द आर्चीज" पर आधारित है।

सुहाना से हाल ही में एक इंटरव्यू दौरान फिल्म से जुड़े कुछ सवाल पूछे गए। साथ ही एक सवाल पूछा गया कि अगर आपका बॉयफ्रेंड दूसरी लड़कियों में दिलचस्पी लेने लगे तो आप क्या करेंगी। सुहाना



ने जो जवाब दिया वह चर्चा में है। आइए जानें कि किंग खान की बेटी का इस बारे में क्या कहना है कि अगर उसका बॉयफ्रेंड उसे धोखा दे तो उसे क्या करना चाहिए।

शुरूआत में सुहाना फिल्म के किरदार वेरोनिका के नजरिए से जवाब देती हैं कि वेरोनिका के पास उनसे संपर्क करने वाले लोगों की एक लंबी सूची है। इसलिए अगर बॉयफ्रेंड दूसरी लड़कियों से बात करता है तो वेरोनिका भी दूसरे लड़कों से बात कर सकती है। जब सुहाना से उनके रियल लाइफ बॉयफ्रेंड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "अगर मेरा बॉयफ्रेंड ऐसा करेगा तो मैं उसे छोड़ दूंगी। क्योंकि मुझे "वन वुमन मैन" बहुत पसंद है। मैं ऐसे लड़के के साथ रिश्ता नहीं बनाना चाहूंगी जो गर्लफ्रेंड होने के बावजूद दूसरी लड़की से बात करता हो।"

## NEWS इन ब्रीफ

### आईटी मेसरा का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को

**रांची।** बीआईटी (बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) मेसरा, रांची का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को मनाया जाएगा। राज्यपाल एवं बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें डॉक्टरेट, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा समेत अन्य डिग्रियां दी जायेंगी। एक अक्टूबर 2023 की सुबह 10:30 बजे उन छात्रों को डिप्लोमा मिलेगा, जिन्होंने 01 अक्टूबर 2022 से 16 अगस्त 2023 तक अपने संबंधित कार्यक्रमों में अर्हता प्राप्त की है। इन्फोसिस के सह-संस्थापक सेनापथव क्रिस गोथिलाकृष्णन (पद्म भूषण) वैश्विक व्यापार और प्रौद्योगिकी विचारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की सहमति दी है।यह जानकारी बीआईटी लालपुर में डॉ संजय कुमार झा (विभागाध्यक्ष, परीक्षा विभाग, बीआईटी मेसरा) ने दी। उन्होंने बताया कि बीआईटी मेसरा के जीपी बिड़ला ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया जाएगा।

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में दीपक प्रकाश को मिली अहम जिम्मेदारी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को मध्य प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी वे झारखंड भाजपा से एकमात्र नेता हैं, जिन्हें एमपी चुनाव में कोई जिम्मेदारी दी गयी है। प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग की जिम्मेदारी मिली है। इसमें शहडोल, अनुपपुर तथा उमरिया जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस संभाग में पार्टी को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के बीच बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी प्रकाश को दी गई है। प्रकाश 31 अगस्त को मध्यप्रदेश के लिए रवाना होंगे। वहां वे दो महीने के प्रवास पर रहेंगे।

### राज्यपाल से मिले गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी सहित अन्य ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल को गुरविंदर सिंह सेठी ने स्वलिखित पुस्तक गुरु नानक जीवन और संदेश भेंट की।

### आत्महत्या के लिए बिजली टावर पर चढ़ा युवक

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के रोल करंजटोली गांव में रोजगार नहीं मिलने से परेशान युवक झनकू पाहन ने आत्महत्या के लिए 133000 वोल्ट वाले बिजली टावर पर चढ़ गया। घटना बुधवार की है। बिजली टावर पर युवक के चढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर उसे सुरक्षित नीचे उतारा।

# आज पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाना श्रेष्ठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस वर्ष दो दिन का माना जा रहा है। वैसे हिंदू पंचांग के मुताबिक हर वर्ष सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को है, लेकिन इस साल 30 अगस्त को पूर्णिमा वाले दिन भद्रा का साया है। मान्यता है कि यदि श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया हो तो भद्राकाल तक राखी नहीं बांधी जा सकती है। उसके समापन के बाद ही राखी बांधी जाती है, क्योंकि भद्रा काल में राखी बांधना अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में इस साल रक्षाबंधन का पर्व 30 और 31 अगस्त दो दिन मनाया जाएगा। इसलिए 30 अगस्त को रात्रि नौ बजकर एक मिनट के बाद से और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाना श्रेष्ठ रहेगा। 31 को दिनभर राखी बांधा जाएगा। इस संबंध में बुधवार को पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पंचांग के तहत सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 30 अगस्त को सुबह 10.58 बजे से हो रही है। इसका समापन 31 अगस्त को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर होगा। 30 अगस्त की सुबह 10.58 बजे से भद्रा शुरू हो रही है, वहीं रात 09.01 बजे तक है। ऐसे में 30 अगस्त को भद्रा के कारण राखी बांधने का मुहूर्त दिन में नहीं है। इस दिन रात में नौ बजकर एक मिनट के बाद राखी बांधने का मुहूर्त है। इसके अलावा 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा सुबह 07.05 बजे तक है। इस समय में भद्रा नहीं है। ऐसे में 31 अगस्त को सुबह सैट बजकर पांच मिनट तक बहनें भाई को राखी बांध सकती हैं। इस प्रकार से इस साल रक्षाबंधन दो दिन 30 और 31 अगस्त को मनाया जा सकता है।



### सेंट जेवियर्स कॉलेज व एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि में करार

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के आईक्यूएसी अकादमिक सहयोग पहल के तहत बुधवार को एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों व शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, कार्यशालाओं व व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान-कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के नैनो टेक्नोलॉजी विभाग में बुधवार को हुआ। डॉ प्रिया श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर सेंट जेवियर्स कॉलेज आईसीएसआई व प्रो वीरेंद्र पाठक, निदेशक एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मौके पर एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय प्रति कुलपति प्रो मनीष गौड़, डॉ अनुज शर्मा, डॉ सौरव, डॉ उल्लास आदि मौजूद थे। प्रो गौड़ ने कहा कि योग्य पेशेवरों को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह सहयोग युवा शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा।

### छात्राओं ने राज्यपाल को बांधी राखी



**रांची।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कांके एवं सेक्रेड हर्ट स्कूल, झुमरीतिलैया की छात्राओं ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राखी बांधी। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि बिना भविष्य की चिंता किए अपनी पढ़ाई पर एकाग्रचित होकर ध्यान दें और दैनिक दिनचर्या को समय पर निष्पादित करें। सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एक अद्वितीय त्योहार है, जो पूरे राष्ट्र में मनाया जाता है। यह त्योहार हमें सीख देती है कि हम अपने समाज की रक्षा कैसे करें? हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति में एक-दूसरे के लिए आदर की भावना निहित है। हमारी परंपरा में समाज की अच्छाई के लिए किए जाने वाले कार्य निहित है। दायित्वों के निर्वहन पर बल दिया गया है। इससे समाज में सौहार्द, एकता एवं अनुशासन की भावना पुष्पित एवं पल्लवित होती है।

### झारखण्ड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप-2023 के लिए पंजीकरण सात सितंबर तक

**रांची।** झारखण्ड स्क्वैश रैकेट संघ के तत्वावधान में 15 से 17 सितम्बर को द्वितीय झारखण्ड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट क्रॉस कोर्ट, अल्बर्ट एक्का चौक स्थित कोर्ट में होगा, जो खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेना चाहते हैं, वो सात सितम्बर 2023 तक एसआरएफआई के ऐप में जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है। सात सितम्बर 2023 के बाद स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पंजीकरण को बंद कर दिया जायेगा। टूर्नामेंट से सम्बंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए समन्वयक स्वेता बुधिया (9709100003) और प्रशिक्षक आशीष कुमार बनर्जी (7717792382) से संपर्क किया जा सकता है। आशीष बनर्जी ने बताया कि यह टूनार्मेंट पिछले वर्ष की भांति पूरी तरह से झारखण्ड के खिलाड़ियों के लिए है। यह टूर्नामेंट स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा निदेर्शों एवं नियमानुसार कराया जायेगा। इस टूर्नामेंट में लगभग 150 प्रतिभागी के भाग लेने की संभावना है। इस टूर्नामेंट में बॉयज अंडर 11, गर्ल्स अंडर 11, बॉयज अंडर 13, गर्ल्स अंडर 13, बॉयज अंडर 15, गर्ल्स अंडर 15, बॉयज अंडर 17, गर्ल्स अंडर 17, बॉयज अंडर 19, गर्ल्स अंडर 19, महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

### रांची के डोरंडा में सीआईडी थाना का उद्घाटन



**रांची।** डीजी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को डोरंडा के राजा रानी कोठी स्थित सीआईडी मुख्यालय परिसर में सीआईडी थाना का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद बुधवार से ही सीआईडी थाने में विधिवत रूप से कामकाज शुरू हो गया। सीआईडी थाने के पहले प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद बनाए गए हैं। इस मौके पर सीआईडी के कई पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सीआईडी के नये थाना के गठन को लेकर आदेश जारी किया था। कहा गया था कि यह राज्य स्तरीय थाना होगा। इसका क्षेत्राधिकार संपूर्ण झारखंड होगा। थाना खुलने के बाद सीआईडी को राज्य के किसी आपराधिक मामले में जीरो एफआईआर दर्ज करने का अधिकार होगा।

### स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित टुंदुल बस्ती के समीप रिंग रोड पर मंगलवार देर रात स्कॉर्पियो और बाइक की सीधी टक्कर में दो व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना में बाइक सवार बबलू बड़ाईक और सुभाष तिर्की की मौत हो गयी। दोनों गार्गी टोली के रहने वाले थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो और बाइक को जब्त कर लिया गया है। स्कॉर्पियो दुर्घटना के बाद पलट गई थी। स्कार्पियो सवार के बारे में पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

### स्कूटी चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रांची।** कोतवाली थाने की पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। जेल गए आरोपी का नाम रोहन कुमार है और वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के अलकापुरी का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार बीते 26 अगस्त को मोरहाबादी निवासी प्रशांत कुमार की स्कूटी कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। प्रशांत ने इस संबंध में कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपी को दबोच लिया।

बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव को संबोधित करते हुए कहा-

# दलालों को बचा रही है राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव में बुधवार को ससारखो मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि आखिर जनता झामुमो को वोट क्यों दे? इस ठगबंधन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में झारखंड की जनता के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य में केवल लूट मची है। मुख्यमंत्री लुटेरों के संरक्षक बन बैठे हैं। इस राज्य को हेमंत सरकार में दलाल ,बिचौलिए चला रहे। उन्होंने कहा कि खान, खनिज, लोहा, कोयला, बालू, पत्थर के साथ गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही और हेमंत सोरेन इन लुटेरों को पकड़ कर जेल नहीं भेज रहे बल्कि उनके लिए महंगे वकील रख कर बचाने के लिए हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे और जो जेल चले गए उन्हें भी बाहर निकालने के लिए पैरवी कर रहे। उन्होंने कहा इससे साबित ही चुका है कि मुख्यमंत्री लूट में शामिल हैं और लुटेरों के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एन डी ए की सरकार बनती है तो विकास होता है जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार और लूट मचती है। आज राज्य की कानून व्यवस्था चौपट है।बहन बेटियां सुरक्षित नहीं। उन्हें पेट्रोल से जलाया जा रहा, टुकड़ों में काट दिया जा रहा,पेड़ से लटका दिया जा रहा। और आज तक एक भी अपराधी को सजा नहीं हुई। पुलिस वसूली में लगी रहती है। हेमंत है तो अपराधियों लुटेरों को हिम्मत है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को सम्मान मोदी सरकार ने दिया। पहली बार आजाद भारत में आठ आदिवासी मंत्री बने। बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस घोषित हुआ और आदिवासी महिला,संथाल समाज की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने राज्य में पांच मेडिकल कॉलेज दिए,देवघर में एम्स अस्पताल और हवाई अड्डा बना , कोरोना में टीका का दो मुफ्त डोज ,बूस्टर डोज दिया।जनधन खाता में गरीबों को पैसे दिए,और कोई भूखा नहीं सोए इसलिए प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि आज गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कमी करके मोदी सरकार ने देश की बहनों को रक्षा बंधन का बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर हेमंत सरकार ने गरीबों के अनाज भी लूटवा दिए। प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं की नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सब झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का काम है शांतिपूर्ण मतदान कराना और पदाधिकारी पक्षपात करते पाए जाएंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता उपस्थिति बता रही कि जनता ने एन डी ए प्रत्याशी यशोदा देवी को केला छाप पर बटन दबाकर आगामी पांच सितंबर को वोट देकर अपार मतों से जिताने का मन बना लिया है। उन्होंने गिरिडीह जिला की जनता से आह्वान किया कि डुमरी से एनडीए को रिकॉर्ड मतों से जीतकर भ्रष्ट,निकम्मी,विकास विरोधी हेमंत सरकार को सबक सिखाएं।

**लुटेरों को पकड़कर सरकार को जेल की सलाखों के पीछे भेजवानी चाहिए न की उन्हें बचाने का प्रयास करना चाहिए**

## पुलिस मख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का किया तबादला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का तबादला किया हैं। इस संबंध में बुधवार को डीआईजी कार्मिक ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार सार्जेंट मेजर अजीत कुमार झा को झारखंड जगुआर, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार को बोकारो जिला बल और सार्जेंट मेजर जोय प्रभाकर लकड़ा को बोकारो जिला में पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार सार्जेंट दीपक कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी को पलामू जिला बल, सार्जेंट मेरी खलको को पलामू जिला बल, सार्जेंट पंकज कुमार भारती को गढ़वा जिला बल, सार्जेंट रविंद्र कुमार यादव को बोकारो जिला बल सार्जेंट आकाशदीप को बोकारो जिला बल, सार्जेंट दीना हांसदा को बोकारो जिला बल, सार्जेंट सुरेन मुर्मू को बोकारो जिला बल, सार्जेंट पीयूष कुमार को गिरिडीह जिला बल और सार्जेंट मुकेश कुमार को लोहरदगा जिला बल में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

### पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की मांगी जानकारी

**रांची।** राज्य के सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की जानकारी पुलिस मुख्यालय ने मांगी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में कितने रीडर पदस्थापित हैं और कब से पदस्थापित हैं, इसकी जानकारी मांगी है। इसके अलावा शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि और नियुक्ति की तिथि से संबंधित भी जानकारी उपलब्ध करने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार सीआईडी के डीजी, सभी जोनल आईजी, सभी डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को इस संबंध में पत्र लिखकर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। लिखे गये पत्र में कहा गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में कार्यरत रीडर से संबंधित अपडेट लिस्ट पुलिस मुख्यालय में नहीं होने से कार्यों के निष्पादन में कठिनाई हो रही है।

## डीएवी कपिलदेव में संस्कृत दिवस का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं। संस्कृत दिवस के अवसर पर बच्चों ने ईश्वर स्तुति, संध्या मंत्र, गणेश वंदना, शिव तांडव मंत्र, श्लोक वाचन, गीता श्लोक और शिव तांडव पर नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय के संस्कृत शिक्षक उदय नाथ झा और अंग्रेजी शिक्षक जी के पाठक ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संस्कृत की भूमिका पर चर्चा की। वरीय शिक्षक सत्येंद्र कुमार राणा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्कृत का प्रयोग करने पर जोर दिया। प्राचार्य एमके सिन्हा ने संस्कृत दिवस के अवसर पर सबको बधाई दी है। आज जिन बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए उनमें प्रज्ञा ,खुशी वेदांत, आदित्य राज, निशिता, दिव्यांश, गौरव,आर्या, अंश, प्रणव, संस्कार मिशिका, आदर्श, आयुष अनंत और कृतिका शामिल हैं। सभा का संचालन सुकन्या ने किया। मौके पर वर्ग आठ, नौ और दस के छात्र-छात्राएं और शिक्षक अरुण कुमार मंडल ,रुद्र कांत झा,काकोली दत्ता,मीनू खत्री समेत अन्य लोग मौजूद थे मौजूद थे।

रंगा-रंग कार्यक्रम

## बीएयू में कृषि अभियांत्रिकी के छात्रों ने मनाया फ्रेशर्स डे

# अभिषेक मिस्टर फ्रेशर्स व पारुल को मिस फ्रेशर्स की उपाधि मिली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कांके अवस्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में कार्यरत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्रों ने 2022-23 बैच के छात्रों के लिए हर्षोल्लास के साथ फ्रेशर्स डे मनाया। मौके पर सीनियर बैच 2021-22 के 37 छात्र-छात्राओं ने रंगा-रंग समूह एवं एकल नृत्य, समूह एवं एकल गायन, शायरी, चुटकिले एवं नाटक के माध्यम से महाविद्यालय के नये छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर नये बैच के छात्रों ने अपना परिचय एवं रूचि से मौजूद दर्शकों को अवगत कराया। अपनी नृत्य, गायन एवं शायरी कला को पेश किया। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार को मिस्टर फ्रेशर्स तथा पारुल प्रिया को मिस फ्रेशर्स की उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम के आयोजन एवं सफल संचालन में दिव्या, राशी, अनुप्रिया, कैफ, आयुष, हर्ष एवं विशाल का सक्रिय योगदान रहा। इस महाविद्यालय के सत्र 2022-23 में 19 छात्र, 18 छात्राओं सहित कुल 37 छात्रों ने नामांकन कराया है। छात्रों को संबोधित करते हुए डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने कहा कि आधुनिक कृषि विज्ञान में नवाचार कृषि अभियांत्रिकी तकनीकी से कृषि परिदृश्य में काफी उपयोगी बदलाव आया है। छात्रों को कड़ी मेहनत एवं विषय ज्ञान में हरसमय तत्पर रहने की जरुरत है। कॉलेज के एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने बताया कि इस महाविद्यालय में वर्ष 2018-19 में स्नातक शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पहले बैच में कुल 37 छात्र-छात्राएं पास आउट हुए। 7 छात्र गेट परीक्षा में सफल हुए। 6 छात्र आईआईटी, खड़गपुर एवं 1 छात्र एनआईटी, राउरकेला में पीजी शिक्षा प्राप्त कर रहे है। 6 छात्रों को आईसीएआर जेआरएफ परीक्षा-2022 में सफलता मिली। दूसरे बैच (2018-19) के कुल 42 छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल जल्द जारी होगा। इसके 3 छात्रों को गेट परीक्षा में सफलता मिली है, केवल वत्स ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा रैंक हासिल किया है। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में नियमित शिक्षकों की कमी के बावजूद इस नये महाविद्यालय के प्रदर्शन में लगातार सुधार हुआ। महाविद्यालय छात्रों से अध्ययन में निरंतरता और अनुशासन सहित कॉलेज परिसर की स्वच्छता बनाये रखने की अपेक्षा करता है। कॉलेज के वरीय शिक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने कहा कि कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमी के काफी अवसर है। इस क्षेत्र में सफलता के लिए अपने विषय का अद्यतन ज्ञान एवं व्यावहारिक कार्य दक्षता का होना जरुरी है। मौके पर वार्डन डॉ. नीरज कुमार ने छात्रों को छात्रावासों में व्यवस्थित दिनचर्या बनाये रखते हुए सभी शिक्षण कार्यक्रमों में नियमित भाग लेने की बात कही। मौके पर शिक्षकों में डॉ. प्रमोद राय, डॉ. इरफान अहमद अंसारी, डॉ. मिंटू जॉब, डॉ गौरव साहू, डॉ. वंदना चौबे, रतन कुमार सिंह सहित महाविद्यालय में अध्ययनरत 85 छात्र एवं 56 छात्राएं मौजूद थे।

**छात्रों को कड़ी मेहनत एवं विषय ज्ञान में हर समय तत्पर रहने की जरुरत है**

## राजद ने डुमरी चुनाव का संभाला कमान : डॉ मनोज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि डुमरी विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बनाई गई राजद की कमिटी को डुमरी शिफ्ट को दिया गया है और चुनाव में जीत को लेकर डोर टू डोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर लगाया जा रहा है। झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गोड्डा के पूर्व विधायक और राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, राजद नेता शिवनाथ यादव, युवा के प्रदेश सचिव अरशद अंसारी सहित कई नेता डुमरी में कैंप कर रहे हैं। 04 सितंबर तक रहेंगे डुमरी में। बुधवार को कई अलग-अलग पंचायत एवं गांव के कई स्थानों पर जनसभा एवं नुक्कड़ सभाको संबोधित किया। राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के किए गए कार्य और स्वर्गीय जगन्नाथ महतो द्वारा किए गए कार्य को देखकर बेबी देवी को वोट देने का काम करें। यहां दौड़ में कोई भी नहीं है सिर्फ और सिर्फ बेबी देवी ही हैं दूसरा कोई नहीं। प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहां कि देश और राज्य के जो हालत है उसे देखते हुए राज्य के विकास के लिए बेबी देवी को भारी मतों से विजय बनाने का काम करे। राज्य में अच्छे विकास के लिए और हो रहे विकास के लिए बेबी देवी को जितना है। युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि डुमरी विधानसभा के टाइगर के नाम से जाने जाने वाले स्वर्गीय जगन्नाथ महतो जी के यहां के जनता से लगाव था और उनका काम अधूरा है अधूरे काम को पूरा करने के लिए बेबी जी को जीत सुनिश्चित करें। महासचिव सह प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने नौकर सभा और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां जो उपचुनाव हो रहा हैं स्वर्गीय जगन्नाथ महतो जी के असमय मृत्यु होने के कारण हो रहा उप चुनाव हो रहा है इसलिए आग्रह है विनती है प्रार्थना है कि तीर छाप पर वोट देकर के और महा गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी को जीतने का काम करें।

# डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में 'प्लेटिनम खिलाड़ियों' में हरमनप्रीत, ऋचा, दीप्ति, जेमिमा, पूजा


हरमनप्रीत कौर


जेमिमा रोड्रिग्स


ऋचा घोष


दीप्ति शर्मा


पूजा वस्त्रकर

**एजेंसी। मेलबर्न**

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर बुधवार को लीग द्वारा घोषित उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में शामिल की गयी हैं। कुल मिलाकर, 3 सितंबर को होने वाले बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट के लिए 50 खिलाड़ियों को प्लेटिनम का दर्जा दिया गया है। प्लेटिनम सूची में नामित 25 खिलाड़ी शीर्ष वेतन बैंड के भीतर टीमों द्वारा पहले दौर में ड्राफ्ट किए जाने के पात्र हैं। हरमनप्रीत ने लीग में सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला है, जबकि ऋचा ने पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीजन में होबार्ट हरिकेंस का प्रतिनिधित्व किया था। जेमिमा मेलबर्न स्टार्स और रेनेगेड्स के लिए खेल चुकी हैं, जबकि दीप्ति सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं और पूजा ने अतीत में ब्रिस्बेन हीट का प्रतिनिधित्व किया था।

चामरी अटापट्टू , लॉरेन बेल, तजमिन ब्रिट्स, ऐलिस कैप्सी, केट क्रॉस, निदा डार, सोफी डिवाइन, डींड्रा डॉटिन, सारा ग्लेन, शबनिम इस्माइल, मारिजैन कप्प, अमेलिया केर, हीथर नाइट, हैली मैथ्यूज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, स्टैफनी टेलर, क्लो ट्रायॉन , लॉरा वोल्वाड्र्ट, इस्सी वोंग और डैनी व्याट डब्ल्यूबीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची में अन्य खिलाड़ी हैं।

बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में इंग्लैंड का दबदबा है, जिसके 14 खिलाड़ी गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, हैरी ब्रूक, जो क्लार्क, जैक क्रॉली, टॉम करेन, एलेक्स हेल्स, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, टॉम कोहलर-कैडमोर, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट और जेम्स विंस हैं।
अन्य बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में क्विंटन डी कॉक, फाफ डु प्लेसिस, मार्टिन गुप्टिल, राशिद खान, शादाब खान, कॉलिन मुनरो, निकोलस पूरन, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान, रिले रोसौव और मुजीब उर रहमान शामिल हैं। ड्राफ्ट में केवल कुछ ही दिन बचे हैं, उम्मीदें बढ़ रही है और हम प्रत्येक ड्राफ्ट के लिए प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची साझा करने के लिए उत्साहित हैं। दोनों सूचियों में विश्व स्तरीय टी20 प्रतिभाएं शामिल हैं, जो इस गर्मी में क्रिकेट उत्कृष्टता के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करती हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, ह्दोनों ड्राफ्ट के लिए नामांकन असाधारण हैं, और हम रविवार रात के ड्राफ्ट कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। ड्राफ्ट नाइट में चार श्रेणियां होंगी जिनमें खिलाड़ियों का चयन किया जा सकता है: प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज।

प्रत्येक श्रेणी के लिए वेतन विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्धारित किया गया है, जिसमें प्लेटिनम खिलाड़ी का उच्चतम भुगतान है। डब्लूबीबीएल में, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 110,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 90,000, 65,000 और 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे। बीबीएल के लिए, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 420,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलना तय है, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 300,000, 200,000 और 100,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### एशिया कप के लिए कोलंबो पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**कोलंबो।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 अभियान की शुरूआत से पहले बुधवार को कोलंबो पहुंची। भारतीय टीम बुधवार को कोलंबो हवाई अड्डे पर पहुंची। टीम बस में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को बातचीत करते देखा गया। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी और भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ बस में बैठकर बातें करते और हंसी-मजाक करते नजर आए। पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत में, भारतीय टीम स्टार बल्लेबाज केएल राहुल के बिना होगी, जो अपनी चोट से उबरने के बाद अच्छी प्रगति कर रहे हैं और 4 सितंबर तक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की निगरानी में रहेंगे।

### आर्यना सबालेंका दूसरे दौर में, मैरीना जनेवस्का को दी शिकस्त



**न्यूयॉर्क।** विश्व के दूसरे नंबर की महिला टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम की मैरीना जनेवस्का को हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका ने महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में बेल्जियम की जनेवस्का पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। गुरुवार को दूसरे दौर में सबालेंका का सामना ग्रेट ब्रिटेन की जोडी बर्रेज से होगा। यूएस ओपन के हवाले से सबालेंका ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि उसने अविश्वसनीय मैच खेला और अंत तक संघर्ष किया। मैं जीत से बहुत खुश हूं। चाहे कुछ भी हो, मैं स्कोर पर नहीं बल्कि खुद पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम थी। उम्मीद है, मैं हर मैच के साथ बेहतर प्रदर्शन कर पाऊंगी।" इस हार के साथ ही जनेवस्का का 14 साल का करियर न्यूयॉर्क में खत्म हो गया।

### झारखंड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण 7 सितंबर तक

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के तत्वाधान में 15 से 17 सितम्बर को द्वितीय झारखंड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट क्रॉस कोर्ट, अल्बर्ट एक्का चौक स्थित कोर्ट में होगा, जो खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेना चाहते हैं, वो सात सितम्बर 2023 तक एसआरएफआई के ऐप में जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है। सात सितम्बर 2023 के बाद स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पंजीकरण को बंद कर दिया जायेगा। टूर्नामेंट से सम्बंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए समन्वयक स्वेता बुधिया (9709100003) और प्रशिक्षक आशीष कुमार बनर्जी (7717792382) से संपर्क किया जा सकता है। आशीष बनर्जी ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले वर्ष की भांति पूरी तरह से झारखंड के खिलाड़ियों के लिए है।

# एशिया कप : आज आमने-सामने होंगे श्रीलंका और बांग्लादेश




**दोनो टीमें इस प्रकार हैं :-**

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, दिमुथ करूणारत्ने, कुसाल परेरा, कुसाल मेंडिस (उप कप्तान), चरिथ असालंका, धनंजय डि सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा, महीश तीक्ष्णा, दुनिथ वेलांगे, माथिशा पाथिराना, कासुन रजीता, दुशान हेमंता, बिनुरा फर्नांडो, प्रमोद मदुशान।

**बांग्लादेश :** शाकिब अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शांटो, तौहिद हृदय, मुश्फिकर रहीम, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिज़ुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम, नासुम अहमद, शाक मेहदी हसन, नईम शेख, शमिम हुसैन, तंजिद हसन तमीम, तंजिम हसन शाकिब, अनामुल हक बिजॉय।

**एजेंसी। पालेकल**

एशिया कप में गुरुवार को श्रीलंका का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। श्रीलंकाई टीम गत विजेता रही है। जिससे इस मैच में उसका पलड़ा भारी नजर आता है। ये दोनो ही टीमें अपने खिलाड़ियों की चोटों के कारण इस मैच में शायद ही अपनी पूरी क्षमता से उतर पायें। श्रीलंका टीम के कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं जबकि कुछ बीमार हैं। इसी कारण उसके लिए टीम की घोषणा तक मुश्किल हो गयी थी। श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसारंगा, दुश्मंता चामीरा, लाहिरू कुमारा और तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका चोटिल हैं जबकि कुसाल परेरा कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित हैं। इससे पिछले कुछ समय में टीम का प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ है। उन्हें साल के शुरूआत में भारत और न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

हालांकि उसन अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज जीती और आईसीसी क्वालीफायर में भी काफी रन बनाये पर फिर भी वह शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने खेल को बेहतर नहीं कर पायी है जो उसके लिए परेशानी बन सकता है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जीत के लिए उसे पाथुम निसांका , दिमुथ करूणारत्ने और चरिथ असालंका से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस साल इन तीनों ने ही काफी रन बनाये हैं। अच्छा प्रदर्शन करें जो अभी तक इस साल उसके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं।

साथ ही टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान दासुन शनाका भी इस मैच से अपनी लय हासिल कर लें। शनाका इस साल रनों के मामले में असफल रहे हैं। वहीं गेंदबाजी में स्पिनर महीश तीक्ष्णा और तेज गेंदबाज कासुन रजीता से उसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की टीम का हाल भी अच्छा नहीं है। उसे भी अपने खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशानी हो रही है। तमीम इकबाल, तेज गेंदबाज इबादत हुसैन चोटिल हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास बीमार होने के कारण टूर्नामेंट से ही बाहर हो गये हैं। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अनामुल हक बिजॉय को दास की जगह शामिल किया गया है। बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन भी इस साल अच्छा नहीं रहा और उसे इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था।

एशिया कप से पहले उसे केवल आयरलैंड पर ही जीत मिली थी। टीम इस मैच में रनों के मामले में कप्तान शाकिबुल हसन, मुश्फिकुर रहीम और नजमुल शांटो पर निर्भर रहेगी इसके अलावा युवा तौहिद हृदय से भी उसे रनों की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तास्किन अहमद पर रहेगी।

# इंग्लैंड में महिला क्रिकेट टीम की फीस पुरुषों के बराबर हुई



**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को घोषणा की वो तत्काल प्रभाव से महिला टीम की मैच फीस को पुरुष टीम की मैच फीस के बराबर कर रहे हैं। इंग्लैंड ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस घोषणा का यह मतलब है कि मैच फीस में समानता इंग्लैंड की महिलाओं की श्रीलंका के खिलाफ आगामी सफेद गेंद वाली घरेलू श्रृंखला से प्रभावी होगी। न्यूजीलैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड अपनी अंतरराष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के लिए मैच फीस बराबर करने वाला चौथा क्रिकेट राष्ट्र बन गया है। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने इस ऐतिहासिक कदम पर कहा, यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें और इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिए समान मैच फीस देखना शानदार है। मैं खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर खेल के विकास में उनके समर्थन के लिए पीसीए और इंग्लैंड महिला खिलाड़ी साझेदारी को भी धन्यवाद देना चाहूंगी।

यह विकास इस ग्रीष्मकालीन महिला एशेज श्रृंखला में जून और जुलाई में 110,000 की रिकॉर्ड-तोड़ भीड़ के बाद आया है। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह एक यादगार पल था। इंग्लैंड ने एजबेस्टन, किआ ओवल और लॉर्ड्स में महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नए रिकॉर्ड बनाए।

हीथर ने श्रृंखला को महिलाओं के खेल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला घोषित किया। ईसीबी ने कहा कि इस साल घरेलू वेतन में बढ़ोतरी और द हंड्रेड में महिला खिलाड़ियों का वेतन पिछले साल दोगुने से अधिक होने के कारण अतिरिक्त निवेश हुआ है। दुनिया भर की प्रतियोगिताओं में कमाई के बढ़ते अवसरों के साथ, यह खेल वर्तमान में महिला टीम खेलों के बीच कमाई के कुछ बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा, "हम वर्तमान में क्रिकेट में इक्विटी के लिए स्वतंत्र आयोग द्वारा की गई सभी सिफारिशों पर विचार कर रहे हैं, लेकिन मैच फीस को बराबर करना एक तत्काल कदम है जिसे हम अब उठाने से प्रसन्न हैं।" उन्होंने कहा कि ईसीबी देश में क्रिकेट में समानता लाने के लिए प्रयास जारी रखेगा। हम सभी चाहते हैं कि क्रिकेट महिला एथलीटों के लिए पसंदीदा टीम खेल बने। हालांकि, हम जानते हैं कि अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

# स्टालिन ने प्रगनानंदा को 30 लाख का चेक सौंपा



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय शतरंज स्टार और फिडे विश्व कप के उपविजेता आर. प्रगनानंदा ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से मुलाकात की। 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने इतिहास रच दिया। वह शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंच गए थे। पूरा देश उनके इस शानदार प्रदर्शन से खुश हैं। इस बीच प्रगनानंदा ने स्टालिन से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज के जादूगर के माता-पिता, रमेश बाबू और नागलक्ष्मी और कोच आरबी रमेश भी उपस्थित थे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने शतरंज के इस स्टार खिलाड़ी को एक स्मृति चिन्ह और 30 लाख रुपये का चेक सौंपा। प्रगनानंदा, बुधवार को अजरबैजान से भारत पहुंचे हैं, जहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। युवा शतरंज स्टार का मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर स्वागत किया गया। विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन के साथ करीबी मुकाबले में हारने से पहले दोनों विश्व विजेता हिकारू नाकामुरा और फैबिया कारुना को हराने वाले प्रगनानंदा ने कहा कि वह चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शानदार स्वागत और उसके बाद मुख्यमंत्री के आवास पर इस खास स्वागत से काफी खुश हैं।

# 3 या 4 सितंबर तक विश्वकप के लिए टीम घोषित कर सकता है बीसीसीआई




**एजेंसी। मुंबई**

बीसीसीआई अगले माह तीन या चार सितंबर तक विश्वकप कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले आईसीसी ने सभी भाग ले रहे देशों से पांच सितंबर तक अपनी संभावित टीम घोषित करने को कहा था। कुछ देशों ने जहां अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। वहीं बीसीसीआई कुछ खिलाड़ियों के पूरी तरह से फिट होने का इंतजार कर रहा है। वहीं माना जा रहा है कि जो टीम एशिया कप में उतरेगी। उसी में से अधिकांश खिलाड़ी होंगे। बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर की फिटनेस का मामला भी एशिया कप से साफ हो जाएगा जिससे बोर्ड के लिए टीम की घोषणा आसान होगी। राहुल और अय्यर को सर्जरी से उबरने के बाद सीधे प्रवेश दिया गया है जिससे उनकी लय का अभी अंदाज नहीं है। ऐसे में इन्हें सीधे विश्वकप के लिए रखना जोखिम भरा काम भी है। इसके अलावा भी टीम के कुछ खिलाड़ियों को लेकर भी बोर्ड संशय में है। इस उलझन को देखते हुए 3 या 4 सितंबर दो ऐसी तारीख हैं जब बोर्ड विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर सकता है। सभी क्रिकेट बोर्ड 27 सितंबर तक अपनी-अपनी टीमों में बदलाव भी कर सकते हैं। इसलिए संभावित टीम घोषित करने में अधिक परेशानी नहीं है।

भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इस मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विश्वकप के लिए जगह मिलना तय है। इस मुकाबले में प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई के लिए टीम घोषित करना आसान रहेगा। इसी कारण 3 या 4 सितंबर को भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। विश्व कप की शुरूआत 5 अक्टूबर से हो रही है। इससे पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। ऐसे में इस सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर टीम में बदलाव भी हो सकता है।

# पाक एक असाधारण टीम है : रविचंद्रन अश्विन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान को सबसे मजबूत दावेदार और भारत के साथ पसंदीदा बताया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान की सफलता काफी हद तक कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। अश्विन ने कहा, अगर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान मध्यक्रम में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो पाकिस्तान इस एशिया कप और विश्व कप में एक शानदार टीम बनने जा रही है। पाकिस्तान एक असाधारण टीम है।"उन्होंने पाकिस्तान को भारत से इतनी ऊंची रेटिंग देने के पीछे का कारण भी बताया। अश्विन ने कहा, यह सब उनकी टीम की गहराई पर निर्भर करता है। पाकिस्तान ने हमेशा असाधारण क्रिकेटर पैदा किए हैं, टेप बॉल क्रिकेट के कारण, उनके पास हमेशा तेज गेंदबाज रहे हैं। 90 के दशक और 2000 के दशक के अंत में उनकी बल्लेबाजी विशेष रही है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन विभिन्न लीगों में उनका प्रदर्शन पिछले 5-6 वर्षों में उनके फिर से उभरने का एक प्रमुख कारण रहा है। उनके पास पीएसएल है, हाल के बीबीएल ड्राफ्ट में कम से कम 60-70 पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। पाकिस्तान टूर्नामेंट की शुरूआत जोरदार तरीके से करेगा क्योंकि सीरीज में अफगानिस्तान को 3-0 से हराकर वह वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया है।

**विश्व कप 2023** | **मांजरेकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा**

# टेस्ट क्रिकेट में गंभीर कौशल की जरुरत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को एशिया कप और विश्व कप 2023 में पहले दस ओवरों में अपना विकेट न खोने और गेंदबाजों का सम्मान करने की सलाह दी है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए, सौभाग्य से भारत के लिए, नंबर एक, दो और तीन, जब विराट नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं, तो वे तीन बहुत अच्छे टेस्ट बल्लेबाज होते हैं। और आप शायद 50 ओवरों के बारे में बात कर सकते हैं- दिन का मैच और सफेद गेंद वाला क्रिकेट और वह सब, लेकिन 50 ओवर के खेल की शुरूआत टी20 मैच की तरह नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में कुछ गंभीर कौशल की जरूरत है और फिर रोहित शर्मा ने पिछले विश्व कप में ये पांच शतक लगाए। मांजरेकर ने शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक पर भी प्रकाश डाला और उन्हें उस तकनीक के साथ खेलने के लिए कहा।

संजय मांजरेकर ने कहा, मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरूआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा। इस बीच, एक अन्य पूर्व भारतीय क्रिकेटर, संजय बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक अन्य साक्षात्कार में केएल राहुल की अनुकूलनीय प्रकृति और प्रशिक्षण शिविर में आजमाए गए विभिन्न बल्लेबाजी संयोजनों के बारे में बात की। बांगड़ कहा, ह्केएल राहुल एक बहुत ही बहुमुखी खिलाड़ी हैं, खासकर जब उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में खेलाया जाता है। कभी उन्होंने पारी की शुरूआत की है, कभी उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है। इसलिए, आज हमें इस शिविर में बहुत कुछ देखने को मिला। उन्होंने कहा, आज, हमने खिलाड़ियों की अलग-अलग जोड़ियों को एक साथ बल्लेबाजी करते हुए देखा, जैसा कि हमने कल के सत्र में देखा था - शुभमन गिल और रोहित शर्मा जोड़ियों में बल्लेबाजी कर रहे थे। आज, केएल और रोहित जोड़ियों में एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे।ह्व बांगड़ ने आगे कहा, ह्लइस प्रकार इसका मतलब है कि टीम प्रबंधन के मन में यह विचार हो सकता है कि क्या केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

